# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 261 । भोपाल, गुरुवार 21 सितंबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



भोपाल और जबलपुर में बौछारें पड़ने के आसार पृष्ठ 3
▪ कठपुतली मीडिया का दौर ▪ विदेशी प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए एक आकर्षक विनिर्माण गंतव्य है भारत पृष्ठ 4
▪ स्नातक प्रथम के परीक्षा परिणाम में अधिकांश को बताया अनुपस्थित पृष्ठ 5
गुमराह करने और डराने की राजनीति से सावधान रहें पृष्ठ 7


## सार-समाचार

### सड़क दुर्घटना में 10 की मौत

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम-नागालैंड सीमा क्षेत्र के मारियानी इलाके में बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। असम के जोरहाट जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक वाहन कोहिमा से मरियानी आ रहा था जब विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों वाहन गहरी खाई में गिर गए। ट्रक के ड्राइवर और उसके सहायक की हालत गंभीर है।

### बिजली गिरने से 40 भेड़ बकरियों की जान गई

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बिजली गिरने से कम से कम 40 भेड़ और बकरियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर शाम रामबन जिले के बनिहाल के हिंजल घास के मैदान में बिजली गिरी। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस और भेड़ पालन विभाग के अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने कहा, अभी तक बिजली गिरने से 40 भेड़-बकरियों के मरने की पुष्टि हुई है।

### इंडिगो फ्लाइट में यात्री ने की गेट खोलने की कोशिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई जाने वाली इंडिगो की उड़ान से पहले एक यात्री ने आपातकालीन गेट खोलने की कोशिश की। इससे सभी सहयात्री घबरा गए। घटना बुधवार तड़के दिल्ली से चेन्नई जा रही इंडिगो की उड़ान में हुई। यात्री मणिकंदन को चेन्नई पहुंचने पर सीआईएसएफ को सौंप दिया गया। इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा, 'दिल्ली से चेन्नई की उड़ान संख्या 6ई 6341 में यात्रा कर रहे एक यात्री ने उड़ान भरने से पहले आपातकालीन गेट का कवर खोलने की कोशिश की।'

### तेलंगाना सरकार ने किया व्हाट्सएप चैनल लॉन्च

**हैदराबाद, देशबन्धु।** तेलंगाना सरकार समय-समय पर लोगों तक आधिकारिक जानकारी और सेवाएं पहुंचाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी मीडिया और प्लेटफार्मों का उपयोग कर रही है। इस संबंध में, तेलंगाना मुख्यमंत्री कार्यालय सीएमओ में बुधवार को एक व्हाट्सएप चैनल लॉन्च किया। इस चैनल के माध्यम से, सरकार सीएमओ से नागरिकों तक की घोषणाओं को प्रसारित करती है।

## विधेयक पर चर्चा में 60 सांसदों ने रखे विचार, समर्थन में 454 व विरोध में 2 वोट पड़े

# महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पास



### आज राज्यसभा में पेश किया जाएगा बिल

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद के विशेष सत्र के तीसरे दिन बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन विधेयक के नाम से पास हो गया।

पर्ची से हुई वोटिंग में बिल के समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट डले। अब गुरुवार को यह बिल राज्यसभा में पेश होगा। वहां से पास होने के बाद राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए जाएगा। राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। बिल पर चर्चा में 60 सांसदों ने अपने विचार रखे। राहुल ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

### यह युग बदलने वाला विधेयक है : शाह

महिला आरक्षण बिल पर डिबेट का जवाब देने अमित शाह आए। उन्होंने कहा- संविधान के संशोधित करने वाले 128वें संशोधन पर बात करने के लिए मैं यहां खड़ा हूं। ये कहते ही विपक्ष का हंगामा शुरू कर दिया। इस पर शाह मुस्कुराते हुए राहुल गांधी की तरह बोले- डरो मत। शाह ने कहा- महिला आरक्षण बिल युग बदलने वाला विधेयक है। कल का दिन भारतीय संसद के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा। कल नए सदन का पहली बार श्री गणेश हुआ, कल गणेश चतुर्थी थी और पहली बार कई ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

### आरक्षण बिल सबसे पहले राजीव लाए



सोनिया ने कहा, 'स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने वाला कानून सबसे पहले मेरे पति राजीव गांधी लाए थे, जो राज्यसभा में 7 वोटों से गिर गया था। बाद में पीवी नरसिम्हा राव की सरकार ने उसे पास करवाया। इसी का नतीजा है कि देशभर के स्थानीय निकायों में 15 लाख चुनी हुई महिला नेता हैं। राजीव का सपना अभी आधा ही पूरा हुआ है, यह बिल पास होने से सपना पूरा हो जाएगा। इस पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि ये सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी का बिल है, जिसने गोल किया, नाम उसी का होता है। हमारे प्रधानमंत्री और हमारी पार्टी ये बिल लेकर आई है तो इनके पेट में दर्द हो रहा है।

### पिछड़ा वर्ग आरक्षण के बिना यह बिल अधूरा



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर बहस में हिस्सा लिया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक बहुत महत्वपूर्ण है। इस बिल को तुरंत ही लागू किया जाना चाहिए। राहुल ने कहा कि वे इस विधेयक के समर्थन में हैं, लेकिन ओबीसी आरक्षण के बिना महिला आरक्षण अधूरा रहेगा। यह एक बड़ा कदम है, लेकिन मेरे लिए यह अधूरा है, क्योंकि ओबीसी महिलाओं के एक बड़े हिस्से के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है।

### 90 में से सिर्फ 3 सचिव पिछड़ा वर्ग से

इस देश में केंद्र सरकार में 90 सचिव हैं और उनमें से सिर्फ तीन ही अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं और यही पांच फीसदी लोग बजट को कंट्रोल करते हैं। यह ओबीसी समुदाय का अपमान है। राहुल ने कहा कि सवाल यह है कि इस देश में कितने ओबीसी, कितने दलित, कितने आदिवासी हैं... इसका जवाब सिर्फ जातिगत जनगणना से मिल सकता है। महिला आरक्षण विधेयक को आज पारित कीजिए और लागू कीजिए। परिसीमन और जनगणना की कोई जरूरत नहीं है। सीधे 33 फीसदी आरक्षण महिलाओं को दे दीजिए। आप ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

## इंदौर में जन आशीर्वाद यात्रा का हुआ जोरदार स्वागत, मुख्यमंत्री बोले-

# भाजपा को हर वर्ग दे रहा आशीर्वाद



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि इंदौर में जनता का मिल रहा आशीर्वाद ऐतिहासिक है। समाज का हर वर्ग भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद दे रहा है। इससे स्पष्ट है कि जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है। इंदौर में जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान उमड़ी भारी भीड़ से अभिभूत मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और पार्टी नेता हाथ जोडते हुए जनता का अभिवादन कर रहे थे। वहीं जनता स्वागत मंचों से लगातार पुष्पवर्षा कर नेताओं का अभिनंदन कर रही थी। विभिन्न समाजों और वर्गों के लोग भी स्वागत मंच से यात्रा की अगवानी कर रहे थे।

इंदौर शहर में रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की एक झलक देखने के लिए घरों की छतों से बड़ी संख्या में नागरिक हाथों में मोबाइल लिए फोटो खींचते दिखे। पूरे यात्रा मार्ग को झंडे पोस्टर पाट दिया गया था। हर जगह भाजपा और केसरिया झंडे ही दिखाई दे रहे थे। कई स्थानों पर नागरिकों ने फूलों की बारिश की, जिस कारण पूरी सड़क पर फूलों की चादर बिछ गई थी। यहां से मुख्यमंत्री के रोड ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

### हम सरकार नहीं परिवार चला रहे

रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने मीडिया से चर्चा करते हुए इंदौर शहर की जनता का आभार माना। आज जन आशीर्वाद यात्रा पर जनता ने प्यार और आशीर्वाद की वर्षा की है। हमने सड़कों पर चारो तरफ देखा कोई वर्ग ऐसा नहीं था जो न आया हो। बेटे, बेटियां, बुजुर्ग विशेषकर हमारी बहनें ऐसे उत्साह, आनंद और प्रसन्नता के साथ यात्रा में शामिल हुई है। उन्होंने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा को वास्तव में जनता का सही आशीर्वाद मिल रहा है। भाजपा की सरकार में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जो काम किए है उसका परिणाम अब दिखायी दे रहा है। उन्होंने कहा कि हम सरकार नहीं, परिवार चला रहे है। यह पूरा परिवार है। मध्यप्रदेश और परिवार का प्यार जन आशीर्वाद यात्रा में बरस रहा है, इसके लिए मैं आभारी हूं। ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

## कनाडा में रह रहे भारतीयों के लिए परामर्श जारी

# सरकार ने सतर्क रहने की दी सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों, राजनीति प्रेरित घृणा अपराधों और आपराधिक हिंसा को देखते हुए वहां रह रहे सभी भारतीय नागरिकों और वहां यात्रा पर जाने के इच्छुक लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने और भारतीय मिशनों के सतत संपर्क में रहने का आग्रह किया है।

विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक यात्रा परामर्श जारी करके यह आग्रह किया है। कनाडा में हाल ही में विशेष रूप से उन भारतीय राजनयिकों और भारतीय समुदाय के उन वर्गों को धमकाने का काम किया गया है जो भारत विरोधी एजेंडे का विरोध करते हैं। परामर्श में कहा गया है, इसलिए भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे कनाडा के उन क्षेत्रों और संभावित स्थानों की यात्रा करने से बचें जहां ऐसी घटनाएं हुई हैं। परामर्श में कहा गया कि भारतीय उच्चायोग/वाणिज्य दूतावास कनाडा में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए कनाडाई अधिकारियों के साथ संपर्क में रहेगा। कनाडा में बिगड़ते सुरक्षा माहौल को देखते हुए, विशेष रूप से भारतीय छात्रों को अत्यधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। परामर्श में यह भी सलाह दी गई कि कनाडा में भारतीय नागरिकों और भारत के छात्रों को ओटावा में भारतीय उच्चायोग या टोरंटो और वैंकूवर में भारत के महावाणिज्य दूतावासों के साथ अपनी संबंधित वेबसाइटों या मदद पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

### ट्रूडो का नया बयान, तनाव नहीं बढ़ाना चाहते

टोरंटो स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक कैनेडियन प्रधानमंत्री का रुख कुछ नर्म दिखा। उन्होंने कहा कि हम इस तनाव को बढ़ाना नहीं चाहते। हमने कुछ फैक्ट्स सामने रखे हैं। हम चाहते हैं कि इस मुद्दे पर भारत सरकार के साथ काम करें ताकि हर चीज क्लीयर हो सके।











































### मुख्यमंत्री ने ली तैयारियों की जानकारी

## प्रधानमंत्री मोदी 25 को भोपाल आयेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 सितम्बर को भोपाल यात्रा के लिए जारी तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जम्बूरी मैदान में होने वाले कार्यक्रम को संबोधित करने भोपाल पधार रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राजकीय विमानतल पर हुई बैठक में कहा कि वर्षा की संभावना को देखते हुए समस्त व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाए तथा यातायात और पार्किंग व्यवस्था योजनाबद्ध रूप से की जाए। बैठक में पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, जन-प्रतिनिधि भगवान दास सबनानी, सुमित पचौरी, भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह, पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### विश्वकर्मा समाज कल्याण प्रकोष्ठ के सम्मेलन में शामिल हुए कमलनाथ, कहा-

# कांग्रेस सरकार बनने पर होगा समाज के साथ न्याय

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर विश्वकर्मा समाज के साथ न्याय होगा। विश्वकर्मा समाज अपने हाथों से हर काम को अंजाम देने वाला परिश्रमी समाज है। उनकी सामाजिक उन्नति और प्रगति के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कही। वह मप्र कांग्रेस सर्व विश्वकर्मा समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए विश्वकर्मा समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में विश्वकर्मा समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। अकेला एक समाज कभी चुनाव नहीं जीत सकता सभी की सहभागिता होती है। इस समाज के लोग फर्नीचर, लोहा, बेल्डिंग आदि का काम ज्यादा करते हैं। इसलिए इनको समाज में उचित स्थान मिलेगा।



इस मौके पर कमलनाथ का संकट मोचन हनुमान जी का शस्त्र गदा प्रतीक चिन्ह भेंट कर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य विष्णु विश्वकर्मा ने सम्मान किया। साथ में 3 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर कांग्रेस सरकार आने पर उन्हें पूरा करने और विश्वकर्मा समाज को प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग की, इन मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भोपाल की पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रीना विष्णु विश्वकर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष तथा मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रभारी जेपी धनोपिया, मध्यप्रदेश कांग्रेस सर्व विश्वकर्मा समाज कल्याण प्रकोष्ठ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ओम पांचाल, रमेश चंद्र विश्वकर्मा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष शिवराज पीपरोदिया सहित विश्वकर्मा समाज के सैकड़ों प्रतिनिधि और समाज बंधु उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद भगत और बुधनी के नेता पटेल कांग्रेस में शामिल



**भोपाल, देशबन्धु।** बालाघाट के भाजपा के पूर्व सांसद बोध सिंह भगत और बुधनी के नेता राजेश पटेल सहित कई भाजपा नेता आज कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उक्त नेताओं के साथ ही 18 जनपद पंचायत सदस्य, 24 सरपंच, 41 पूर्व सरपंच, 2 जनपद पंचायत अध्यक्ष, 1 जिलापंचायत सदस्य, 4 भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष और लगभग 850 भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है।

इस मौके पर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी अशरफ उल्ला खान, शिवराज सिंह चौहान के सलाहकार शिव चौबे के भतीजे बुधनी के सुमित चौबे, आशू बघेल, डॉ. भीम सिंह पटेल, चंद्र शेखर पटेल, प्रभात जोशी विदिशा ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली। इसके साथ ही सरपंच विवेक सिंह, प्रदीप सिंह, शिवकुमार सिंह, सोनेलाल पटेल, अजय पटेल, राजीव कौल, संतलाल कौल, पूजा पटेल, धर्मेंद्र तिवारी, हाजिर जाकिर मामू, श्रीमती आशु, गुनीराम बघेले, श्रीमती रविकांता, महेश बोरकर, बुधराम विसेन, श्रीमती हेमलता, झंकार कटरे, श्रीमती रीना, भीमप्रकश बोरकर, श्रीमती नूतन, बुधराम बिसेन, आलोक पाटिल, अरविन्द डहरवाल, शिवा सहारे, दिनेश नागदेव, चन्दन बीजेवार, श्रीमती पूजा नगपुरे, योगेश सल्किया, शैलेश भलावे, विवाद पराशर समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा की सदस्यता छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

कमलनाथ ने इन नेताओं को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराते हुए कहा कि आज आपके उत्साह और जोश को देखकर मुझे बहुत बल और विश्वास मिल रहा है। कमलनाथ ने कहा कि आज प्रदेश का हर व्यक्ति या तो भ्रष्टाचार का गवाह है या शिकार है।

### भारी कर्ज के बोझ और फसल की बर्बादी से थे परेशान

## महाराष्ट्र में पिछले 72 घंटे में 7 किसानों ने की आत्महत्या

### इस साल आत्महत्या करने वाले किसानों की संख्या 1586 हुई

**यवतमाल, एजेंसी।** महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में पिछले 72 घंटे में सात किसानों ने आत्महत्या कर ली है। इस घटना से पूरा महाराष्ट्र हिल गया है।

विदर्भ जन आंदोलन समिति के अध्यक्ष और शिवसेना (यूबीटी) नेता किशोर तिवारी ने कहा, पिछले तीन दिनों से भी कम समय में यवतमाल से 6 और वर्धा से 1 किसान के आत्महत्या की खबर आई है। तिवारी ने कहा, आत्महत्या करने वालों में यवतमाल में हिवारी के प्रवीण काले, खिडकी के ट्रैबैंक केरम, शिवनी के मारोती चव्हाण, अर्जुन के गजानंद शिंदे, बनेगांव के तेवीचंद राठोस, जामवाडी के नितिन पाणे और वर्धा के रन्तापुर के दिनेश मडावी किसान शामिल हैं। तिवारी ने कहा कि इनमें से 6 आत्महत्याएं पिछले 48 घंटों में और एक आत्महत्या एक दिन पहले रविवार को हुई थी।

उनमें से अधिकांश समाज के वंचित वर्गों से हैं और उन्होंने भारी कर्ज के बोझ, फसल की बर्बादी और राज्य सरकार से बहुत कम या कोई मदद नहीं मिलने के कारण यह कदम उठाया। वीजेएएस नेता ने कहा कि लेटेस्ट मौतों के साथ जनवरी 2023 से राज्य में आत्महत्या करने वाले किसानों की संख्या बढ़कर 1586 हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि विदर्भ जैसे छोटे से क्षेत्र से हर रोज एक-दो किसानों की आत्महत्या की खबरें मिल रही हैं।

### मांगें पूरी न होने पर टिकैत ने दी आंदोलन की चेतावनी



**लखनऊ, एजेंसी।** भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि अगर सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और गन्ने के लिए उच्च एसएपी सहित उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो किसान सरकार के खिलाफ अपना आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर होंगे। राकेश टिकैत ने संवाददाताओं से कहा कि लखनऊ में किसानों का हालिया आंदोलन अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किसी राजनीतिक एजेंडे से प्रेरित नहीं था। राकेश टिकैत ने कहा कि जहां सरकार किसानों के कल्याण के प्रति उदासीन हो रही है, वहीं, विपक्ष चुनाव में वोट हासिल करने के लिए उनमें नाराजगी पैदा करने की कोशिश कर रहा है। किसान अपनी उपज का पर्याप्त मुआवजा न मिलने से सरकार से बेहद नाखुश हैं।

### पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के लिये समिति गठित

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य शासन ने मध्यप्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के संबंध में पाँच सदस्यीय समिति का गठन किया है। अपर मुख्य सचिव गृह विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति में सदस्य के रूप में प्रमुख सचिव विधि-विधायी कार्य, नामांकित प्रतिनिधि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल और शासन द्वारा नामांकित वरिष्ठ पत्रकार को शामिल किया गया है। जनसंपर्क विभाग के सचिव समिति के सदस्य सचिव होंगे। यह समिति पत्रकार सुरक्षा कानून के संबंध में देश में प्रचलित प्रावधानों का अध्ययन कर अपना प्रतिवेदन दो माह में प्रस्तुत करेगी। पिछले दिनों भोपाल में आयोजित पत्रकार समागम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के लिये समिति गठित करने की घोषणा की थी।

### आदिवासियों पर अत्याचार को लेकर कांग्रेस ने जारी किया वीडियो, सुरजेवाला बोले-

## प्रदेश में आदिवासी होना जुर्म बन गया



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव और पार्टी के प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने प्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है, उन्होंने मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए सुरजेवाला ने अनूपपुर, सीधी सहित कई जिलों में आदिवासियों के खिलाफ हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में आज आदिवासी होना जुर्म बन गया है। उनके साथ दूसरे और तीसरे दर्ज का व्यवहार ही नहीं किया जाता अपितु शिवराज सरकार आदिवासी को मनुष्य मानने से भी इंकार करती है। उन्होंने कहा कि

### मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग

भाजपा नेता कभी आदिवासी समाज के लोगों को अपमानित करने के लिए सरेआम उनके ऊपर पेशाब करते हैं और वीडियो वायरल करते हैं। कभी आदिवासी नेता को चप्पल से पीटते हैं। वह भी तब जब दूसरा आदिवासी भाई मर गया हो और उसकी लाश रोड पर पड़ी हो। सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा नेताओं की करतूतों ने देश को शर्मसार किया है।

इस दौरान पिछले कुछ सालों में आदिवासी अत्याचार को लेकर हुई घटनाओं पर एक शॉर्ट वीडियो भी कांग्रेस की ओर से सुरजेवाला ने जारी किया। उन्होंने कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कोरोना काल में आदिवासियों को जो अनाज पहुंचाया गया, वह जानवरों के खाने लायक भी नहीं था। सुरजेवाला ने आदिवासियों पर जुल्म के बारे में बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार आदिवासियों के 3 लाख 22 हजार वन पट्टों को खारिज कर दर-बदर की ठोकरें खाने के लिए छोड़ देती हैं।

## मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना तत्काल आरंभ होगी : शिवराज



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को स्थाई कृषि पंप कनेक्शन देने के लिए मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना में हितग्राहियों से फार्म भरवाने के कार्य का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि योजना में 3 एचपी या अधिक क्षमता के स्थाई पंप कनेक्शन के लिए 200 मीटर तक की दूरी की 11के.वी. लाइन के विस्तार, वितरण ट्रांसफार्मर की स्थापना और निम्न दाब लाइन केबल विस्तार कार्य शामिल हैं।

योजना में समस्त सामग्री सहित विस्तार कार्य और इसका संधारण विद्युत वितरण कंपनी द्वारा किया जाएगा। इस कार्य का 50 प्रतिशत व्यय शासन द्वारा और 50 प्रतिशत कृषक या कृषक समूह द्वारा वहन किया जाएगा। कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में हुए राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हरदा जिले के ग्राम जिनवानिया की श्रीमती नमिता रनवे और भैंरूदा सीहोर के प्रेमनारायण पंवार के आवेदन भरवाकर योजना में नामांकन की प्रक्रिया आरंभ की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि योजना का क्रियान्वयन तत्काल आरंभ किया जा रहा है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल तथा ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर उपस्थित थे। प्रदेश के सभी जिले कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। अतिथिगणों को तुलसी का पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसान हमारे अन्नदाता के साथ-साथ हमारे प्राणदाता भी हैं। वे यदि खेतों में ना खपें तो हमारा जीवन दो-चार दिन भी नहीं चल पायेगा। किसानों की मेहनत, त्याग और तपस्या ने ही मध्य प्रदेश को कृषि क्षेत्र में देश में अव्वल बनाया है। हमारे शरबती गेहूं, चिन्नोर चावल को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल रही है। प्रदेश में 2002-03 में खाद्यान्न उत्पादन 159 लाख मैट्रिक टन था, जो अब बढ़कर 619 लाख मैट्रिक टन हो गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वे किसानों को नई सौगातों के संबंध में जल्दी मिलेंगे। किसान के सुख-दुःख की चिंता करना हमारा धर्म है। मैं शीघ्र ही पुनः किसानों से मिलने वाला हूँ, उनके खातों में मुख्यमंत्री किसान निधि से दो-दो हजार रुपये जारी करना हैं, बीमा की राशि जारी करनी है, इसके साथ ही किसानों और भी सौगातें देना है। प्रदेश में पर्याप्त वर्षा हुई है, पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है, विद्युत आपूर्ति भी आवश्यकतानुसार हो रही है। अतः चिंता की कोई बात नहीं है। अन्नदाता सुखी रहेगा और सरकार किसानों की सेवा करती रहेगी।

## 1984 सिख दंगा मामला : कांग्रेस नेता सज्जन कुमार बरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 1984 सिख दंगों से जुड़े दिल्ली के सुल्तानपुरी में 3 लोगों की हत्या मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बरी कर दिया है। सुल्तानपुरी इलाके में 1984 के सिख दंगों के दौरान 3 लोगों की हत्या हुई थी। सुल्तानपुरी दंगे में सीबीआई की एक अहम गवाह चाम कौर ने आरोप लगाया था कि सज्जन कुमार भीड़ को भड़का रहे थे। जुलाई 2010 में कड़कड़डूमा कोर्ट ने सज्जन कुमार , ब्रह्मानंद, पेरु, कुशल सिंह और वेद प्रकाश के खिलाफ 3 लोगों की हत्या के मामले में आरोप तय किया था। अब करीब 13 साल बाद कोर्ट ने सज्जन कुमार सहित अन्य आरोपियों को इस मामले में बरी कर दिया है।

सिख दंगों से जुड़े जनकपुरी और विकासपुरी में सिखों की हत्या के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार के खिलाफ आरोप तय किए थे। हालांकि अदालत ने सज्जन कुमार के खिलाफ लगाई गई हत्या की धारा 302 हटा दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने 17 दिसंबर 2018 को सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। दरअसल, 1984 के सिख विरोधी दंगों के बाद दिल्ली में पांच सिखों की हत्या और गुरुद्वारा जला दिया गया था। इसी केस में सज्जन कुमार को दोषी पाया गया और उन्हें सजा सुनाई गई।

## चुनावी तैयारी : भोपाल में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों ने दिया प्रशिक्षण



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के अंतर्गत आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में आज मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने पुलिस अधिकारियों (राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स) के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब तक पुलिस विभाग के 65 हजार से अधिक अधिकारियों को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने के लिए प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रत्येक निर्वाचन नई परिस्थितियों एवं नई चुनौतियों के साथ एक नया निर्वाचन होता है। प्रशिक्षण से निर्वाचन कार्य बेहतर तरीके से संपन्न कराने में मदद मिलती है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण श्रीमती अनुराधा शंकर ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पश्चिम बंगाल आरिज ऑफताब और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तमिलनाडु थिरू सत्यव्रत साहू ने पुलिस अधिकारियों (राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स) को कानून व्यवस्था, निर्वाचन व्यय निगरानी, वल्नरेबिलिटी मैपिंग सहित निर्वाचन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं निर्वाचन व्यय निगरानी के राज्य नोडल अधिकारी योगेश देशमुख, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक एवं नोडल अधिकारी सीआरपीएफ पवन शर्मा सहित पुलिस विभाग के सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

### विश्व स्वास्थ्य संगठन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में रिपोर्ट की जारी

# हाई बीपी पर नियंत्रण पाकर भारत रोक सकता है 46 लाख मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत हाई बीपी की बीमारी पर नियंत्रण पाकर 2040 तक 4.6 मिलियन मौतों को रोक सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के दौरान हाई बीपी के विनाशकारी वैश्विक प्रभाव पर अपनी पहली रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में 30-79 वर्ष की आयु के अनुमानित 188.3 मिलियन वयस्क हाई बीपी से पीड़ित हैं। 50 प्रतिशत नियंत्रण दर हासिल करने के लिए, हाई बीपी से पीड़ित 67 मिलियन से अधिक लोगों का प्रभावी ढंग से इलाज करने की आवश्यकता होगी। कुल 37 प्रतिशत भारतीयों में हाई बीपी की समस्या पाई गई है। पुरुषों में 32 प्रतिशत और महिलाओं में 42 प्रतिशत इस रोग से पीड़ित हैं। कुल पीड़ितों में से 30 प्रतिशत लोगों को ही इलाज मिल पाता है। महिलाओं में 35 प्रतिशत और पुरुषों में 25 प्रतिशत को इलाज का लाभ मिला है।

### भारत में 30-79 वर्ष की आयु के 188.3 मिलियन लोग हैं पीड़ित

### केवल 15 फीसदी का हाई बीपी नियंत्रण में

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में केवल 15 प्रतिशत लोगों का हाई बीपी नियंत्रण में है (महिलाओं में 19 प्रतिशत और पुरुषों में 11 प्रतिशत)। अनियंत्रित हाई बीपी को दिल का दौरा, स्ट्रोक और समय से पहले मौत का कारण माना जाता है। रिपोर्ट से पता चला है कि देश में हृदय रोगों से होने वाली 52 प्रतिशत मौतों का कारण हाई बीपी हो सकता है।

### विश्व स्तर पर 3 में से एक प्रभावित

विश्व स्तर पर हाई बीपी दुनिया भर में तीन वयस्कों में से एक को प्रभावित करता है। हाई बीपी से पीड़ित हर पांच में से चार लोगों का पर्याप्त इलाज नहीं किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर देश कवरेज बढ़ा सकते हैं, तो 2023 और 2050 के बीच 76 मिलियन मौतों को रोका जा सकता है।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने कहा, 'हाई बीपी को सरल, कम लागत वाली दवा के साथ प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन हाई बीपी वाले पांच में से केवल एक व्यक्ति ने ही इसे नियंत्रित किया है।' उम्र बढ़ने और जेनेटिक्स कारणों से भी हाई बीपी का खतरा बढ़ सकता है। ज्यादा नमक वाला खाना, शारीरिक रूप से सक्रिय न होना और बहुत अधिक शराब पीने जैसे परिवर्तनीय जोखिम भी हाई बीपी के खतरे को बढ़ा सकते हैं।

### उप्र में मध्यान्ह भोजन से 26 बच्चे बीमार पड़े

**गाजियाबाद, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के प्रेम नगर कॉलोनी के एक प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को मिड-डे मील के दौरान दूध पीने से 26 बच्चे बीमार पड़ गए। अधिकारियों के अनुसार, दूध से बच्चों को मतली और उल्टी होने लगी। इसके बाद बच्चों को लोनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इसके साथ ही बीमार बच्चों के परिजनों ने स्कूल में हंगामा किया और अधिकारियों से भिड़ गए। घटना की प्रतिक्रिया में सरकारी अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पुलिस के जवान भी थे। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

## सर्वोच्च अदालत ने दो मुद्दों पर सुनवाई की तारीख दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में अवैध प्रवासियों की नागरिकता पर 17 अक्टूबर और लोकसभा-विधानसभा में एससी-एसटी आरक्षण पर 21 नवंबर को सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में जस्टिस एएस बोपन्ना, एमएम सुंदरेश, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पांच जजों की संविधान बेंच इन मामलों की सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट बुधवार 20 सितंबर को इन दोनों मामलों के अलावा क्रिमिनल केसों में सांसदों को सदन में वोट या भाषण देने की छूट देने से जुड़े कुल तीन मामलों पर सुनवाई करने वाली थी। 15 अगस्त 1985 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने असम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जिसमें 1 जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 तक राज्य में आए अवैध प्रवासियों को वहां का नागरिक माना गया था। इन लोगों को धारा 18 के तहत खुद को देश के नागरिक के रूप में रजिस्टर्ड करना था। इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में 17 याचिकाएं दाखिल की गई थीं, जिसमें से साल 2009 में असम पब्लिक वर्क्स की ओर से दायर याचिका भी शामिल है।



### आरक्षण की अवधि बढ़ाने को लेकर याचिका दायर की थी

सुप्रीम कोर्ट में संसद और राज्य की विधानसभाओं में एससी-एसटी के लिए आरक्षण की अवधि 10 साल से बढ़ाने के मामले में याचिकाएं दाखिल की गई थीं। जिनमें आरक्षण देने वाले 79वें संविधान संशोधन अधिनियम 1999 की वैधता को चुनौती दी गई थी। 2 सितंबर 2003 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी याचिकाएं पांच जजों की संविधान बेंच को ट्रांसफर कर दी थीं। संविधान के अनुच्छेद 330 में संसद और विधानसभा में एससी-एसटी को आरक्षण देने का प्रावधान है। संविधान बेंच विचार करेगी कि क्या 79वें संवैधानिक संशोधन के तहत एससी/एसटी और एंग्लो-इंडियन के लिए आरक्षण की अवधि को 50 साल से बढ़ाकर 60 साल करना समानता के अधिकार का उल्लंघन है।

### सांसदों को मुकदमे से छूट देने के फैसले पर होगा पुनर्विचार

सुप्रीम कोर्ट ने पीवी नरसिम्हा राव मामले में अपने 1998 के फैसले पर पुनर्विचार करने पर सहमति जता दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए सात न्यायाधीशों की एक बड़ी पीठ गठित करने का फैसला किया है। पीठ यह देखेगी कि क्या कोई सांसद या विधायक सदन में भाषण देने या किसी विशेष तरीके से वोट देने के लिए रिश्वत लेने के लिए अभियोजन से छूट का दावा कर सकता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि वह मामले पर नए सिरे से सुनवाई के लिए सात सदस्यीय पीठ गठित करेगी।

## पूर्वी क्षेत्र में बढ़ने लगी मानसून की गतिविधियां

# भोपाल और जबलपुर में बौछारें पड़ने के आसार

**भोपाल, देशबन्धु।** बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र मौजूद है। मानसून द्रोणिका भी रतलाम, सीधी से होकर जा रही है। इसके असर से मध्य प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में रुक-रुककर बारिश होने लगी है। गुरुवार को जबलपुर, शहडोल, नर्मदापुरम संभाग के जिलों एवं भोपाल जिले में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी एसएन साहू ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी एवं उससे लगे ओडिशा के तट पर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। मानसून द्रोणिका जैसलमेर, उदयपुर, रतलाम, सीधी, रांची, दीघा से होते हुए बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र तक जा रही है। वहीं दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में बना चक्रवात अब कच्छ की तरफ चला गया है। इसके असर से एक बार फिर मध्य प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में मानसून की गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। गुरुवार को कम दबाव का क्षेत्र झारखंड होते हुए आगे बढ़ेगा। इसके प्रभाव से जबलपुर, शहडोल संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर एवं नर्मदापुरम, सागर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है। भोपाल में भी गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। वहीं शुक्रवार से पूरे प्रदेश में मध्यम स्तर की बारिश होने के भी आसार हैं। उधर बुधवार को सुबह से शाम तक सागर में नौ, जबलपुर एवं दमोह में सात, मलाजखंड एवं सतना में छह, उमरिया में पांच, रीवा में चार, खजुराहो में 1.4, नरसिंहपुर एवं मंडला में एक मिलीमीटर बारिश हुई। छिंदवाड़ा एवं भोपाल में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हुई।

### सामान्य से एक प्रतिशत कम हुई है बारिश

इस मौसम में एक जून से लेकर बुधवार तक मध्य प्रदेश में कुल 906.5 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य बारिश 917.9 मिलीमीटर की तुलना में एक प्रतिशत कम है। इसमें पूर्वी मप्र में अभी तक 960.8 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य बारिश 1012.0 मिलीमीटर के मुकाबले पांच प्रतिशत कम है। पश्चिमी मप्र में 864.8 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश 845.5 मिलीमीटर की तुलना में दो प्रतिशत अधिक है।

# लोन एप के जाल में फंसकर की थी बैरसिया के किसान ने खुदकुशी

**भोपाल, देशबन्धु।** लोन एप के माध्यम से साइबर ठगों के जाल में फंसकर जान गंवाने वाले किसान की मौत के डेढ़ माह बाद भी बैरसिया थाना पुलिस आरोपियों के बारे में सुराग नहीं लगा सकी है। वहीं मृतक किसान का पिता न्याय पाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से गुहार लगाता फिर रहा है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरखेड़ा बरामद में रहने वाले फूलसिंह विश्वकर्मा पेशे से किसान हैं। उनके बड़े बेटे देवनारायण विश्वकर्मा ने 31 जुलाई को फांसी लगा ली थी। देवनारायण खेती के काम में पिता का हाथ बंटाता था। उसकी पिछले वर्ष अगस्त में शादी हुई थी। उसकी एक दुधमुंही बेटी है। बताया गया है कि गरीबी के चंगुल से बाहर आने की उम्मीद में देवनारायण आनलाइन लोन देने का झांसा देकर लोगों को फंसाने वाले साइबर ठगों के जाल में फंस गया था। जालसाजों ने ऋण देने का लालच देकर देवनारायण से 1 लाख 93 हजार रुपये आनलाइन जमा करा लिए थे। भरोसा देने के लिए उन लोगों ने कुछ फर्जी दस्तावेज भी देवनारायण को आनलाइन भेजे थे। लेकिन रुपये हड़पने के बाद ठगों ने देवनारायण से संपर्क करना ही बंद कर दिया था। धोखाधड़ी का अहसास होने के बाद वह बुरी तरह तनाव में आ गया था। अंतत: उसने खुदकुशी कर ली थी।

उल्लेखनीय है कि आनलाइन लोन के लालच में फंसकर रातीबड़ थाना क्षेत्र में रहने वाले भूपेंद्र विश्वकर्मा ने अपने दो मासूम बच्चों को जहर देने के बाद पत्नी सहित फांसी लगा ली थी। देश भर में सुर्खियों में आए इस मामले में पुलिस छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### खुदकुशी से पहले बनाया वीडियो

घटना के पहले देवनारायण ने एक वीडियो बनाया था। जिसमें उसने कहा है कि मैं देव नारायण विश्वकर्मा। यह धनी एप वालों ने मुझसे एक लाख 93 हजार रुपए ट्रांसफर कराए हैं। लोन पास हुआ था तीन लाख रुपए का। अब कंपनी वाले रिप्लाई नहीं करते। मैने जो रकम दी है, उसके तमाम प्रमाण मेरे वाट्सएप में हैं। फोनपे हिस्ट्री में भी रकम ट्रांसफर करने के प्रमाण मिल जाएंगे। मैं मर रहा हूं...इन लोगों पर केस चलाओ। इन्हें गिरफ्तार करो। मेरा अनुरोध है कि इन लोगों पर केस लगाइये, कार्रवाई करिए मेरी मौत के बाद।

### पश्चिम बंगाल में मिल रही है जानकारी

इस मामले में बैरसिया थाना प्रभारी दिलीप जायसवाल का कहना है कि देवनारायण को रुपयों की जरूरत थी। आनलाइन सर्चिंग के दौरान वह जालसाज कंपनी के जाल में फंस गया था। तीन लाख के ऋण का लालच देकर ठगों ने उससे रुपये जमा करा लिए थे। मामले की जांच चल रही है। जिन मोबाइल नंबरों से देवनारायण संपर्क में था, उनकी जानकारी पश्चिम बंगाल की आ रही है। साइबर सेल की मदद से जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सेना के जवान की पत्नी ने पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

### मासूम बच्चे द्वारा दूध नहीं पीने से परेशान थी

**भोपाल, देशबन्धु।** विमानतल मार्ग स्थित ईएमई सेंटर में सेना के एक जवान की पत्नी द्वारा खुदकुशी का मामला सामने आया है। जवान की पत्नी का शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। बताया जा रहा है कि वह अपने 6 महीने के बच्चे को लेकर बहुत परेशान रहतीं थीं, चूंकि बच्चा कई दिनों से दूध नहीं पी रहा था।

बैरागढ़ थान के एएसआई प्रवीण सिंह ने बताया कि बिहार के रहने वाले संजीव कुमार ईएमई सेंटर में नायाब हवलदार के पद पर पदस्थ हैं। मंगलवार रात संजीव कुमार ड्यूटी पर थे। इस दौरान पड़ोसियों ने संजीव को फोन लगाकर बताया कि उनकी पत्नी ममता दिखाई नहीं दे रही हैं, घर पर बच्चा अकेला है। इस पर संजीव घर लौटे और आसपास ममता को ढूंढा। रात करीब 12 बजे उनकी पत्नी का शव घर के पास स्थित एक पेड़ पर फांसी के फंदा से लटका हुआ मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस ने बताया कि मृतका के पास किसी प्रकार का कोई पत्र नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि, ममता लंबे समय से अपने 6 महीने के बच्चे को लेकर परेशान थीं। चूंकि उसका बच्चा कई दिनों से दूध नहीं पी रहा था। संभावना जताई जा सकती है कि संभवत: इसको लेकर ही उन्होंने आत्महत्या की होगी। फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। परिजनों के विस्तृत बयानों और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही खुदकुशी के कारणों का खुलासा होगा।



## प्रतिभा सम्मान योजना के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**भोपाल, देशबन्धु।** नीति आयोग भारत सरकार से संपन्न ह्यूमंस केयर एंड डेवलपमेंट काउंसिल की योजना प्रतिभा सम्मान योजना 2022-23 के चयनित प्रतिभागियों का कलेक्टर आशीष सिंह एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय प्रशांत डोलस ने सम्मान कर छात्रों को सम्मान निधि वितरित की। प्रतिभा सम्मान योजना प्रारंभिक परीक्षा, राष्ट्रीय शोध, एवं राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता 2022 में भोपाल, इंदौर, होशंगाबाद सम्भाग के सभी जिले के 62 बच्चो में जिला स्तर पर मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। जिला स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत पदक के साथ प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। विद्यार्थी राज्य स्तर के दूसरे भाग में सम्मिलित होकर जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

# काम दिलाने के बहाने युवती से 2 दोस्तों ने किया बलात्कार

**भोपाल, देशबन्धु।** निशातपुरा इलाके में घरों में साफ सफाई काम करने वाली एक युवती को काम दिलाने के बहाने दो दोस्तो द्वारा उसके साथ बलात्कार करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म को मामला दर्ज कर, उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

निशातपुरा थाना प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि घरों में साफ सफाई का काम करने वाली युवती को कुछ दिनों पहले एक महिला ने बताया कि तूफान नामक युवक के घर उसे साफ-सफाई का काम मिल जाएगा। इसके बाद युवती जब तूफान के घर पहुंची, जहां तूफान ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद तूफान ने अपने एक अन्य दोस्त को भी यह बात बताई और अगले दिन पीड़िता को तूफान ने फोन कर ब्लैकमेल कर घर बुलाया। युवती को कहा गया कि अगर तुम नहीं आईं तो तुम्हारे पति और सभी परिजनों को को सब बता देंगे। इस डरकर पहुंची युवती के साथ तूफान के दोस्त ने भी बलात्कार किया। इसके बाद में युवती ने पूरी बात अपने परिजनों को बताई। इतना ही नहीं थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों पर धारा 376, 506 32, 190 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### लायसेंस का नवीनीकरण

**भोपाल, देशबन्धु।** आरा-मशीनों के लिये 5 साल की अवधि में लायसेंस नवीनीकरण कराये जाने का प्रावधान कर दिया गया है। अभी तक 3 साल में नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य था। राज्य शासन के वन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश काष्ठ चिरान (विनियमन) नियम-1984 में यह संशोधन किया गया है। लायसेंस नवीनीकरण के लिये 2500 रुपये आवेदन शुल्क निर्धारित है।



## निर्वाचन अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**भोपाली, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन - 2023 की तैयारियों के संबंध में जिले में नियुक्त सेक्टर ऑफिसर्स एक्सपेंडीचर मॉनीटरिंग व्यय लेखा, पोस्टर बैलेट, फैसलिटी स्टॉफ एवं जिला स्तरीय मीडिया मॉनीटरिंग टीम (एमसीएमसी) का प्रशिक्षण बुधवार को जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुआ। राष्ट्र स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. संजय दीक्षित एवं राज्य स्तरीय मास्टर डॉ. जितेन्द्र परमार द्वारा निर्वाचन में निर्वाचन में कार्य में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

## साढ़े 4 सौ रुपए में गैस सिलेंडर के लिए

# उज्ज्वला कनेक्शनधारी और लाडली बहना के आवेदन के लिए केंद्र निर्धारित

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के एलपीजी गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ता एवं गैर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत पंजीकृत लाड़ली बहने जिनके स्वयं के नाम से गैस कनेक्शन हैं, को एक सितंबर से 450 रुपये में गैस सिलेंडर रिफिल प्रदाय करने के लिए भोपाल जिले में नि:शुल्क ऑनलाईन पंजीयन का कार्य उन सभी केंद्रों पर किया जा रहा है, जहां मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का पंजीयन होता है।



जिला आपूर्ति नियंत्रक सुश्री मीना मालाकार ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजनांतर्गत गैस कनेक्शनधारी सभी उपभोक्ता एवं गैर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत पंजीकृत ऐसी लाड़ली बहने जिनके स्वयं के नाम से घरेलु गैस कनेक्शन हैं ,इस योजना के लिए पात्र है। उन्होंने बताया कि पंजीयन के लिए हितग्राही का गैस कनेक्शन कंज्यूमर नंबर एवं एलपीजी कनेक्शन आईडी एवं समग्र आईडी की आवश्यकता होगी। पंजीयन कराने के दौरान ओटीपी के लिए आवेदक अपना समग्र सदस्य आई डी में पंजीकृत मोबाईल नंबर अपने साथ ले जायें। पात्र हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे अपना पंजीयन तत्काल पंजीयन केन्द्र पर जाकर कराएं तथा पंजीयन की पावती अवश्य लें।

# जिले में धान उपार्जन के लिए पंजीयन 5 अक्टूबर तक

**भोपाल, देशबन्धु।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023 24 में किसान समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने के लिये पंजीयन 5 अक्टूबर तक पंजीयन करवा सकते हैं।

जिला आपूर्ति नियंत्रक सुश्री मीना मालाकार ने बताया कि सिकमी, बटाईदार एवं वनपट्टावारी किसानों के पंजीयन सहकारी समिति सहकारी विपणन सहकारी संस्था के केन्द्रों पर किये जायेंगे। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा, जबकि भू-अभिलेख में दर्ज खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। पंजीयन के लिये आधार नम्बर का वेरिफिकेशन उससे लिंक मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी से या बायोमेट्रिक डिवाइस से किया जायेगा। किसान के परिवार में जिन सदस्यों के नाम भूमि होगी वे सभी अपना पृथक - पृथक पंजीयन करायेंगे। किसान की भूमि यदि अन्य जिले में है तो उस जिले में पंजीयन कराया जायेगा। जिले में अलग-अलग स्थानों पर भूमि होने पर एक ही केन्द्र पर सभी भूमियों का पंजीयन होगा। सुश्री मालाकार ने बताया कि ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र एमपी किसान एप पर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र, निजी वयक्तियों द्वारा संचालित सायबर कैफे पर किया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील है कि पंजीयन 5 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से कराये।

# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स खेल अवार्ड समारोह आज

### कुलविंदर सिंह गिल होंगे लाइफटाइम अवॉर्ड से सम्मानित

### 32 खिलाड़ियों को आज मिलेगा एनएसटी अवार्ड

**भोपाल, देशबन्धु।** अंतरराष्टीय जी जित्सु रोहिणी कलम, शूटर आशी चौकसे, जूडोका हिमांसी टोकस, क्रिकेटर अनुभव अग्रवाल, पृथ्वीराज सिंह तोमर, बाक्सर जिज्ञासा राजपूत, पैरा स्वीमर सत्येंद्र सिंह लोहिया, पैरा बैडमिंटन राहुल सिंह सहित कुल 32 खेल हस्तियों को नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स (एनएसटी) अवार्ड से 21 सितंबर को एलएनसीटी विश्वविालय कोलार रोड, में सम्मानित किया जाएगा।

समारोह में अंतरराष्ट्री बैडमिंटर स्टार सौरभ वर्मा को मप्र खेल रत्न, अंतरराष्ट्रीय घुड़सवार राजू सिंह को स्पोर्ट्स मैन ऑफ द ईयर एवं पूर्व अतरराष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाड़ी व भारतीय बास्केटबाल संघ के सचिव कुलविंदर सिंह गिल को लाइफटाइम अवार्ड से नवाजा जाएगा। इसके अलावा समारोह में श्रेष्ठ खिलाड़ी, प्रतिभा खिलाड़ी, कोच, खेल प्रमोटर, खेल पत्रकार, स्पेशल खिलाड़ी एवं खेल संस्थान, स्कूल अवॉर्ड से खिलाडियों को सम्मानित किया जाएगा। नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स के संपादक एवं आयोजन सचिव इन्द्रजीत मौर्य ने बताया कि 28वें खेल अवॉर्ड का आयोजन 21 सितंबर 2023 को एलएनसीटी यूनिवर्सिटी सभागृह (जेके हास्पिटल कैंपस) कोलार रोड पर प्रात- 11 बजे से किया जाएगा। खिलाडियों को अवॉर्ड, सम्मान पत्र, शॉल, श्रीफल से नवाजा जाएगा। इन्द्रजीत मौर्य ने बताया कि इस खेल कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेलों-खिलाडियों को बढ़ावा देना रहता है। जिसे हम पिछले 27 वर्षों से निरंतर आयोजित कर रहे हैं। कार्यक्रम में देश के करीब एक हजार से अधिक नामी-गिरामी खिलाडियों को सम्मानित किया जा चुका है।

# आज धूमधाम से मनेगी संत हिरदाराम की जंयती

## कुटिया पर पाठ साहब शुरू, फूलों से सजेगी समाधि

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** अपना समूचा जीवन पीड़ित मानवता के लिए समर्पित करने वाले महान कर्मयोगी संत हिरदाराम की 118वीं जयंती गुरुवार को पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर सैकड़ों स्कूली बच्चे मानव सेवा का संकल्प लेंगे।

संत हिरदाराम की जयंती पर संतजी की कुटिया पर श्री गुरू ग्रंथ साहब का अखंड पाठ प्रारंभ हुआ। इसका समापन गुरुवार को सुबह ब्रह्म मुहूर्त में होगा। संतजी के उत्तराधिकारी संत सिद्धभाऊ उनके जीवन जीवन चरित्र पर प्रकाश डालेंगे। भजन-कीर्तन के बाद संतजी के समाधि स्थल सेवा-संकल्प धाम के पट खोले जाएंगे। श्रद्धालु सुबह छह से शाम छह बजे तक समाधि पर पुष्प अर्पित कर सकेंगे। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।



संतजी के अवतरण दिवस पर कुटिया के बाहर स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। सभी की निश्शुल्क जांच की जाएगी। सेवा सदन में निश्शुल्क यूरालाजी शिविर लगाया जाएगा। संतजी के शिष्यों ने नवयुवक सभा भवन में पूरे बैरागढ़ के लिए भंडारे की व्यवस्था की है। सेवादार चंद्र चांदवानी के अनुसार भंडारा सुबह 10 बजे शुरू हो जाएगा।

### देश-विदेश में होंगे कार्यक्रम

जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी के अनुसार संतजी के अवतरण दिवस पर विदेशों में भी कई कार्यक्रम होंगे। अप्रवासी भारतीय शिष्य अपने शहर में ही सादगी से जयंती मनाएंगे। दयारामानी के मुताबिक दुबई, स्पेन, हांगकांग के अलावा मुंबई, जयपुर, अजमेर, मुंबई आदि शहरों में भी संतजी के शिष्य सेवा गतिविधियों कर अवतरण दिवस मनाएंगे। घरों में पांच दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे।


**कार्यालय वरूण गृह निर्माण सहकारी समिति , भोपाल**

वरूण नगर वार्ड 52 बावडिया कला, भोपाल पोस्ट (बी यू) 462 047

**आम सभा सूचना**

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों की वार्षिक आम सभा (शनिवार) दिनांक 30.09.2023 को प्रात: 10.30 बजे संस्था की भूमि वरूण नगर बावडिया कला (ठक। मिसरोद फेस-1) भोपाल में आयोजित की जा रही है आमसभा की सूचना समस्त सदस्यों को डाक द्वारा 15.09.2023 को प्रेषित की जा चुकी है।

किसी सदस्य को उक्त सूचना प्राप्त नहीं हो पाती है तो संस्था की ओर से समाचार पत्र में प्रकाशित इस सूचना को आमंत्रण मानकर स्वयं उपस्थित होने का कष्ट करें।

नोट- कृपया सदस्यगण अपना पहचान संबंधी कोई भी दस्तावेज (फोटो आईडी) साथ में अवश्य लाऐं।

**अध्यक्ष**

**वरूण गृह निर्माण सहकारी समिति , भोपाल**



**न्यायालय तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर(बैरागढ़ )-वृत्त, भोपाल**

(पुराना जिला पंचायत भवन, जिला भोपाल)

प्रकरण क्रमांक 00070/अ-12/23-24 भोपाल, दिनांक 20/09/2023

**सूचना पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक फैसल मसूद / हसन मसूद निवासी- शहर भोपाल ने सीमांकन करने विषयक आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम- बडबई तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 245/3/8/एस रकबा 0.0550 हेक्टर भूमि का सीमांकन करने का निवेदन किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में फैसल मसूद के नाम भूमिस्वामी स्वत्व पर दर्ज है।

अत: उपरोक्त प्रश्नाधीन प्रष्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है । तत्पश्चात प्राप्त आपत्ति ग्राह्य योग्य नहीं होगी ।

यह सूचना पत्र आज दिनांक 20.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**

**नजूल संत हिरदाराम नगर ( बैरागढ़ )वृत्त-1 भोपाल**

देशबन्धु

भोपाल, गुरूवार 21 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## महिला सम्मान पर बेनकाब हुई भाजपा

लोकसभा में लाये गये महिला आरक्षण विधेयक का भारतीय जनता पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में लाभ मिलने की उम्मीद तो धूमिल पड़ ही गई है, उलटे लोकसभा में इस पर बुधवार को हुई प्रदीर्घ चर्चा ने उसके महिला सम्मान की कलई को खोलकर रख दिया है। मंगलवार को नये संसद भवन में जाने के बाद शाम को यह विधेयक पेश किया गया जिसके अनुसार यह 2026 में लागू होगा और इसका आधार भावी परिसीमन होगा। यानी इसका वास्तविक लाभ 2029 के लोकसभा चुनावों में ही मिलेगा। वह भी केवल 15 वर्षों के लिए। इसे तीन साल बाद अमल में लाने का कारण 2021 में जनगणना का न होना है। भारत सरकार ने कोविड-19 के कारण जनगणना नहीं की थी। इसका मतलब जब जनगणना होगी, उसमें प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आरक्षण होगा। जो भी हो, जिस प्रकार से बुधवार को इस प्रकार चर्चा हुई, उसने भाजपा सरकार को और भी ज्यादा परेशानी में डाल दिया है। आम चर्चा यही थी कि अगले वर्ष के आम चुनाव में महिला वोटरों को अपने पाले में लेने के लिये यह बिल लाया गया है, परन्तु ऐसा होता दिख नहीं रहा है क्योंकि भाजपा इसे भुनाने में शायद ही सफल हो।

सत्ता पक्ष के मंत्रियों एवं अनेक सदस्यों ने स्वाभाविकत: इसे लाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया लेकिन ज्यों-ज्यों विपक्षी नेताओं को बोलने के अवसर मिलते गये, यह साफ होता गया कि इसे एचडी देवेगौड़ा की सरकार ने पेश किया था लेकिन 2010 में इसे राज्यसभा में कांग्रेस के शासनकाल में पारित किया गया। लोकसभा में यह समाजवादी पार्टी एवं राष्ट्रीय जनता दल के विरोध के कारण पास न हो सका- इस ऐतिहासिक तथ्य से सारे परिचित हैं लेकिन सत्ता पक्ष की ओर से बोलते हुए निशिकांत दुबे ने इस मतभेद को भुनाने का प्रयास किया। साथ ही, इसका श्रेय पहले तो गीता मुखर्जी एवं सुषमा स्वराज को दिया लेकिन अंत में सिर्फ मोदी को इसका श्रेय दिया। दुबे ने अनेक उन अप्रिय घटनाओं का जिक्र किया जो इस विधेयक के पिछली बार लाये जाने (2010 में) के दौरान हुई थीं, जिसका उद्देश्य दलगत विरोध को आगे ही बढ़ाना था। वे ऐसी बातें थीं जो तत्कालीन परिस्थितियों में हुई थीं जो आज शायद ही प्रासंगिक रह गई हैं। इसमें कुछ नेताओं द्वारा बिल के विरोध में यह कहना कि इससे परकटी महिलाएं ही आयेंगी, भी शामिल है। बेशक, ये बयान दुर्भाग्यजनक थे परन्तु उनका उल्लेख कर भाजपा के सदस्य यह साबित करने पर तुले थे कि प्रतिपक्ष विरोध करने के लिये विरोध कर रहा है जबकि वह वैसी संजीदा नहीं हैं जैसी भाजपा है, पर यह दांव चला नहीं।

सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों की ओर से इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में भाजपा की बड़ी पहल साबित करने की कोशिश की गई परन्तु कई विपक्षी महिला सांसदों ने उनके ऐसे दावों की धज्जियां उड़ा दीं। पहले तो सोनिया गांधी ने बतलाया कि यह बिल उनके दिवंगत पति व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का सपना है जिन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं की बड़ी हिस्सेदारी आरक्षण के जरिये सुनिश्चित की थी। उन्होंने इस विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग की तथा उसका लाभ चुनाव-2024 में ही देने की वकालत की।

तृणमूल कांग्रेस की काकोली घोष दस्तीदार ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विधेयक लाकर नारी सम्मान का दिखावा सरकार न करे। उन्होंने याद दिलाया कि संसद भवन से कुछ दूरी पर बने जंतर-मंतर पर यौन शोषण का शिकार हुई महिला पहलवानों की कोई सुनवाई सरकार द्वारा नहीं की गई। जिस व्यक्ति बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप हैं उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और वह अब भी इसी सदन का सदस्य है। जिस तरह से उन्हें पुलिस द्वारा घसीटा गया व उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ, वह भी उन्होंने याद दिलाया। उन्होंने मणिपुर की घटना का भी जिक्र किया और उन्नाव, हाथरस आदि की उन वारदातों का स्मरण कराया जिनमें महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ। उन्होंने ध्यान में लाया कि पूरे भारत में इस वक्त केवल पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री हैं जबकि भाजपा के 16 राज्यों में सीएम हैं जिनमें एक भी महिला नहीं है। द्रविड मुनेत्र कषगम की कनिमोझी ने पेरियार को उद्धृत करते हुए लैंगिक समानता की बात की। उन्होंने बताया कि गीता मुखर्जी, सुषमा स्वराज के साथ साम्यवादी नेता वृंदा करात का भी इस विधेयक को लाने में योगदान था। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बड़ी ऊंचाई पर बैठने की चाहत नहीं बल्कि समानता का हक चाहिये। जब उन्होंने कहा कि अनेक महिला राजनीतिज्ञ हैं जो काफी ताकतवर हैं, तो सत्ता पक्ष की ओर से एक सांसद ने जयललिता (डीएमके की राजनैतिक विरोधी) का नाम लिया। इस पर कनिमोझी ने स्वीकार करते हुए कई नाम गिना डाले जो विपक्ष की हैं। इनमें उन्होंने मायावती, सोनिया गांधी, ममता बैनर्जी के नाम तो लिये ही, सुषमा स्वराज का भी नाम लेकर भाजपायी सदस्यों को निरूत्तर कर दिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले ने भी इस विधेयक को इन शर्तों के साथ लाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि महिलाओं को इसके लिये और इंतज़ार कराना ठीक नहीं। उन्होंने भी इसकी टाइमिंग पर सवाल उठाये।

बहुमत के बल पर इसे पारित तो होना ही था, लेकिन यह साफ हो गया कि इसे लाने का भाजपा का उद्देश्य महिलाओं के वोट पाना है। अनेक सदस्यों ने यह बात उजागर तो कर ही दी, महिलाओं के प्रति भाजपा कितनी असंवेदनशील है, यह भी लम्बी चर्चा में साबित हो गया। कुल जमा, भाजपा को इसका लाभ होना सम्भव ही नहीं लगता। उलटे वह महिला मुद्दे पर बेनकाब हो गई।

# कठपुतली मीडिया का दौर

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

देश के एक जाने-माने न्यूज चैनल की चर्चित पत्रकार ने हाल ही में अपना एआई अवतार दर्शकों के सामने पेश किया। एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक से तैयार किया गया वर्चुअल एंकर या आभासी प्रस्तोता। अपने इस अवतार को उन्होंने अपने नाम के आगे 2.0 लगाकर संबोधित किया। जैसे क्लोनिंग के जरिए एक प्राणी को हूबहू तैयार कर दूसरा प्राणी बना लिया जाता है, कुछ वैसा ही एआई एंकर को कहा जा सकता है। फर्क इतना ही है कि क्लोनिंग में हाड़-मांस, रक्त -भावनाएं सब वैसी ही रहेंगी, क्योंकि उसमें जीवन होगा। जबकि एआई एंकर में जीवन का प्रवाह नहीं होगा, भावनाओं का संचार नहीं होगा, बल्कि कम्प्यूटर से भरे गए कमांड्स से वह संचालित होगा। जिस न्यूज़ चैनल ने एआई एंकर प्रस्तुत किया है, वह देश में सबसे तेज होने का दावा करता है। पत्रकारिता में गति का कितना स्थान होना चाहिए और हर वक्त भागते-दौड़ते रहने की क्या जरूरत है, यह सवाल अब कालातीत हो चुका है। किसी भी खबर को सबसे पहले ब्रेक करने की जो उन्मादी पत्रकारिता शुरु हो चुकी है, उसमें ऐसे सवाल बेकार ही समझे जाएंगे कि खबर को देख-परख कर, तथ्यों की पड़ताल के बाद, समाज पर उसके असर का विश्लेषण कर देने की जरूरत है या फिर बिना किसी पुष्टि के हड़बड़ाते और चिल्लाते हुए खबर लोगों तक पहुंचाई जानी चाहिए।

खबर ब्रेक करते-करते, फटाफट सौ-पचास खबरों को पेश करने के चक्कर में जनता और देश के असली हितों से जुड़ी खबरें कहां गायब हो गई हैं, इसकी परवाह अब बहुत कम लोगों को रह गई है। खबरों के मेले में दर्शकों को लुभाने वाले आइटम समाचार रोज करोड़ों व्यूज बटोर रहे हैं, जबकि मेले में गुमशुदा खबरों की तलाश करने वालों की पूछ-परख नहीं रह गई है। अजीबो-गरीब शीर्षकों के साथ, बिना सही जानकारी के अफवाहों के जैसी खबरें रोजाना दर्शकों के सामने परोसी जा रही हैं। बिल्कुल जंक फूड की तरह, जो देखने में भी आकर्षक होता है और जीभ के चटोरेपन को संतुष्टि भी देता है, लेकिन शरीर पर उसका दीर्घकालिक असर घातक होता है। जंक फूड के नुकसान को समझने के बावजूद विज्ञापनों के बूते देश के एक बड़े वर्ग को, खासकर युवा पीढ़ी को इसकी लत लगा दी गई है। ठीक ऐसा ही अब पत्रकारिता में किया जा रहा है। लोगों को जल्दी से जल्दी खबरें देखने की लत लगा दी गई है, फिर चाहे इससे धार्मिक-सांप्रदायिक उन्माद भड़के, किसी का चरित्र हनन हो या खबर से निकला सही संदेश जनता तक न पहुंचे, मीडिया में अब इसकी परवाह नहीं की जा रही। अगर कोई गलत खबर चला दी जाती है तो उस पर खेद प्रकट कर दिया या फिर उस वीडियो को हटाकर बात की खत्म कर देने की आदत चैनलों को हो गई है। क्योंकि चैनलों की प्राथमिकता लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र आवाज उठाना नहीं है, बल्कि पूंजी और सत्ता के हित साधना है।

पहले बड़ी पूंजी की मदद से कार्पोरेट सेक्टर ने चैनलों को खड़ा किया, या फिर खरीद लिया, अपने शेयर चैनलों में बढ़ा लिए और फिर मनमाने तरीके से खबरों के साथ खिलवाड़ शुरु हुआ। इन चैनलों में काम करने वाले पत्रकार अपने मालिकों के इशारों पर नाचते रहे, क्योंकि उनका वेतनमान नाचने की शर्त पर ही निर्धारित किया जाता है। कुछेक पत्रकारों ने नाचने से इंकार किया तो उन्हें चैनलों से किसी न किसी वजह से विदाई लेनी पड़ी। ऐसे कई पत्रकारों का आसरा अब यू ट्यूब जैसे प्लेटफार्म हैं। न्यूज़ चैनलों में खबरों से खिलवाड़ में राजनीतिक चलन के हिसाब से नियम बदलते रहे और हर चुनाव के पहले और सरकारों के गठन के बाद इन नियमों में फेरबदल होता ही है। शुरुआती दौर में हर वर्ग को अपना दर्शक बनाने के लिए न्यूज़ चैनलों ने कई तरह के प्रयोग किए। खेल, विज्ञान, व्यापार, तकनीकी आदि की खबरें तो दी ही जाती थीं, खबरों के नाम पर अंधविश्वास की घटनाओं और धारावाहिकों की खबरों की नाटकीय प्रस्तुति से भी गुरेज नहीं किया गया। खबरों को आकर्षक बनाने के लिए टीवी स्टूडियो में एंकर को कभी अंतरिक्ष यात्री जैसी पोशाक पहनाई गई, कभी युद्ध के मैदान में पहुंचाया गया, कभी क्रिकेट खेलते दिखा दिया गया। स्कूलों में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं में कल्पना की जितनी उड़ानें नहीं भरी गई होंगी, उतनी सब न्यूज़ चैनलों के सेट्स में भर ली गईं।

मीडिया के इस नए दौर को लेकर कई मंचों से, कई तरह की चिंताएं जाहिर की गईं। पत्रकारिता का पतन हो गया है, अब निष्पक्ष पत्रकारिता इतिहास की बात हो गई, ऐसी बहुत सी बातें कही गईं। पिछले 9 सालों के मोदी सरकार के कार्यकाल में पत्रकारिता में पक्षपात को लेकर भी गंभीर सवाल उठे। कांग्रेस को सत्ता से हटाकर भी उसका खौफ बना रहा तो कांग्रेस को विपक्ष से भी हटाकर कांग्रेस मुक्त देश बनाने की कोशिश में मीडिया ने भाजपा का भरपूर साथ दिया। लेकिन ये कोशिश कामयाब नहीं हुई। कांग्रेस अकेले बढ़ती रही, उसके साथ विपक्ष का कारवां भी बढ़ता गया और अब इन सबने मिलकर इंडिया का गठन कर लिया है। इसी इंडिया ने पिछले दिनों कुछ चैनलों के कुछ एंकरों के नाम घोषित किए हैं कि हमारे नेता, प्रवक्ता इनके शो में नहीं जाएंगे। कह सकते हैं पतन के दौर से गुजर रही पत्रकारिता ने असहयोग और सविनय अवज्ञा का दौर भी देख लिया। ये दौर वाकई बहुत कठिन है, फिर भी यहां लड़ने-झगड़ने, सुलह करने, माफी मांगने और अंतत: सब कुछ ठीक हो जाने की उम्मीद है, क्योंकि आखिर में हैं तो सब इंसान ही। लेकिन अगर पत्रकारिता से इंसान ही गायब हो जाएंगे, तो फिर मानवीय कमजोरियों और गुणों के लिए भी जगह कहां बचेगी। क्या इंसान और तकनीक के बीच शुरु हो चुकी होड़ में मानवीय मूल्य और संवेदनाएं बच पाएंगे, ये एक कठिन सवाल इस वक्त समाज के सामने है।

**मीडिया के इस नए दौर को लेकर कई मंचों से, कई तरह की चिंताएं जाहिर की गईं। पत्रकारिता का पतन हो गया है, अब निष्पक्ष पत्रकारिता इतिहास की बात हो गई, ऐसी बहुत सी बातें कही गईं। पिछले 9 सालों के मोदी सरकार के कार्यकाल में पत्रकारिता में पक्षपात को लेकर भी गंभीर सवाल उठे। कांग्रेस को सत्ता से हटाकर भी उसका खौफ बना रहा।**

सबसे तेज कहे जाने वाले चैनल की एंकर ने अपने एआई अवतार को प्रस्तुत करते हुए कहा कि अभी आने वाले वक्त में कितना काम है, चुनाव है, मुझे कई चुनावी क्षेत्रों का दौरा करना होगा, साक्षात्कार लेने होंगे, जनता के बीच जाना होगा, तो ऐसे में जब वो पत्रकारीय दायित्व निभाने के लिए क्षेत्र में रहेंगी तो स्टूडियो में उनका स्थान उनका एआई अवतार लेगी। ये वर्चुअल एंकर बिल्कुल उन्हीं की तरह दिखती और बोलती है। लेकिन उसका दिखना, बोलना सब कुछ तकनीकी है। मुमकिन है आगे निकलने की होड़ में अभी कुछ और चैनल इसी तरह के एआई एंकर स्टूडियो में ले कर आ जाएं। क्योंकि आभासी एंकर की खासियत है कि ये 24 घंटे बिना थके काम कर सकता है, क्योंकि मशीनें थकती नहीं हैं। आभासी एंकर्स में जिस भाषा की जानकारी भरी जाए, वह उसी भाषा में बात कर लेगा और वही बात करेगा, जो पहले से उसमें फीड की गई है। ये सब कुछेक वक्त के लिए अच्छा लग सकता है। चैनलों को भी फायदा रहेगा कि निर्धारित कीमत पर तैयार किए गए वर्चुअल एंकर न वेतन की बात करेंगे, न छुट्टी की, न उनकी अपनी कोई सोच होगी। बिल्कुल कठपुतली की तरह। लेकिन क्या कठपुतलियों के सहारे लोकतंत्र जिंदा रह पाएगा। वर्चुअल एंकर जब भावनाओं से शून्य आंखों के साथ समाचार देगा या देगी तो क्या दर्शकों तक समाचार पूरी तरह से संप्रेषित हो पाएगा। ये तमाम डर अब सिर उठाने लगे हैं। मुमकिन है इस डर को पूंजी के सहारे कुचला जाएगा, लेकिन उस डर का एहसास तो बना ही रहेगा।

जैसे फिल्मों में बहुत से दृश्य वर्चुअली तैयार किए जाते हैं और उनका डिस्क्लेमर दे दिया जाता है कि ये केवल कल्पना है, सच्चाई नहीं, वैसा ही दौर अब पत्रकारिता में शायद आ चुका है। अब शायद जल्दी ही खबर से पहले डिस्क्लेमर यानी अस्वीकरण आने लगेगा कि ये खबर इंसान द्वारा लिखी और प्रस्तुत की गई है, वर्चुअल एंकर द्वारा नहीं। खबरों में ऐसा डिस्क्लेमर समाज और लोकतंत्र दोनों के लिए ही अच्छा नहीं होगा। वैसे मीडिया में एआई के इस्तेमाल का बुरा असर अब रोजगार पर भी पड़ने लगा है। कुछ महीने पहले ही जर्मनी के सबसे बड़े टैबलॉयड बिल्ड ने अपने 200 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया, क्योंकि उनके काम अब एआई के जरिए होने लगे हैं। छंटनी का ये सिलसिला जल्द ही बाकी देशों में भी शुरु हो जाएगा। वक्त आ गया है कि हम एआई वरदान या अभिशाप जैसे विषय पर वाद-विवाद शुरु कर दें। क्योंकि बहसों में चाहे जितनी कड़वाहट हो, इंसान होने की गंध उनमें भरी होती है।

# विदेशी प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए एक आकर्षक विनिर्माण गंतव्य है भारत

■ नन्तु बनर्जी

संयुक्त राज्य अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि, सुश्री कैथरीनची ताई, शायद इस बात से पूरी तरह से अवगत नहीं हैं कि भारत में निर्यात किये जाने वाले वैश्विक अमेरिकी ब्रांडों के तहत लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर जैसे अधिकांश हाई-टेक मास मार्केट इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट अमेरिका में निर्मित नहीं होते हैं। इनका निर्माण अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निगमों (एमएनसी) द्वारा चीन में किया जाता है और भारत को निर्यात किया जाता है। ऐसा लगता है कि वह भारत की नई लाइसेंसिंग व्यवस्था के बारे में अनावश्यक रूप से चिंतित हैं, जो एप्पल और डेल जैसी कंपनियों के भारत में शिपमेंट को प्रभावित कर सकती है और कंपनियों को भारत में उत्पाद बनाने के लिए मजबूर कर सकती है। नये नियम नवंबर से लागू होंगे।

कैथरीनची ताई हाल ही में जी 20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए भारत में थीं। हालांकि, अमेरिकी कंपनियां स्वयं कम चिंतित हैं। उन्हें लगता है कि भारत में उनके ब्रांडों का बाजार अब अच्छा है और तेजी से बढ़ रहा है। भारत के लाभांश भुगतान और रॉयल्टी नियम चीन की तुलना में कहीं अधिक आकर्षक और खुले हैं। न्यायनिर्णयन प्रणाली अच्छी और विश्वसनीय है। एप्पल पहले से ही अपने ताइवानी अनुबंध निर्माता, फॉक्सकॉन के साथ आईफोन बनाने के लिए यहां मौजूद है। हो सकता है, आने वाले समय में, आईपैड, मैक, ऐप्पल वॉच, ऐप्पल टीवी और एयर पॉड्स जैसे अधिक ऐप्पल उत्पाद भी स्थानीय बाजार और निर्यात के लिए भारत में निर्मित किये जायेंगे। एप्पल के वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के पीछे रहने की संभावना नहीं है।

एक ताइवानी आप्रवासी की बेटी कैथरीनची ताई को शायद इस बात की जानकारी नहीं होगी कि दुनिया भर में लगभग 30 कारखानों का दावा करने वाली 10 अरब अमेरिकी डॉलर की ताइवानी अनुबंध निर्माता फॉक्सकॉन सोचती है कि आपूर्तिकर्ता पारिस्थितिकी तंत्र जिसे चीन में बनाने में 30 साल से अधिक का समय लगा। उनकी इच्छा है कि भारत में बहुत तेजी से उभरें। ऐप्पल और फॉक्सकॉन पहले से ही यहां हैं, यह समय की बात है कि अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज भारत को अपना विनिर्माण आधार बनायें। फॉक्सकॉन के अध्यक्ष सह सीईओयंग लियू ने कथित तौर पर कहा था कि कंपनी भारत में अपने परिचालन का विस्तार करेगी क्योंकि व्यवसाय उच्च उपभोक्ता अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बढ़ेगा।

लियू ने हाल ही में ताइवान में एक बयान में कंपनी की भारत की विकास योजनाओं की रूपरेखा बताते हुए कहा, 'फॉक्सकॉन ने उपभोक्ता जरूरतों के जवाब में भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार जारी रखा है।' उनका मानना है कि भारत 'एक नया विनिर्माण केंद्र बन जायेगा।' लियू निश्चित रूप से जानते हैं कि पिछले साल भारत के उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार का आकार 73.73अरब डॉलर था। 2023 से 2030 तक बाजार के 6.8प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से विस्तार होने की उम्मीद है। भारत उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स खर्च में अल्पकालिक से मध्यम अवधि की वृद्धि के लिए विश्वव्यापी अवसर प्रदान करता है।

विदेशी और स्थानीय निर्माताओं के लिए बाजार का आकार मायने रखता है। एक विदेशी निवेशक के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण बात है करों और प्रत्यावर्तन व्यवस्थाओं से संबंधित सरकारी विनियमन, जिसमें लाभांश, प्रौद्योगिकी शुल्क, रॉयल्टी और प्रधान कार्यालय रखरखाव शुल्क और मुफ्त न्यायिक प्रणाली शामिल है। वर्तमान में, इन क्षेत्रों में भारत सरकार के नियम काफी हद तक निवेशकों के अनुकूल हैं और चीन में प्रचलित नियमों की तुलना में कहीं अधिक बेहतर हैं। चीन में विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए, उनकी सहायक कंपनियों से नकद प्रत्यावर्तन हमेशा एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है।

रिपोर्टों के अनुसार, चीन विदेशी मुद्रा नियंत्रण की सख्त व्यवस्था रखता है। युआन की विनिमय दर को मजबूती से बनाये रखा गया है। चीन में आने और जाने वाले फंड अत्यधिक विनियमित हैं। कानून और विनियम-जैसे कंपनी कानून, प्रासंगिक कर नियम, साथ ही चीन के स्थानांतरण मूल्य निर्धारण नियंत्रण-विदेशी प्रत्यावर्तन में अतिरिक्त बाधाएं लगाते हैं। ऐसे माहौल में, विदेशी निवेशकों को अपने द्वारा कमाये गये मुनाफे तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए शुरू से ही लाभ प्रत्यावर्तन रणनीति को समझने और शामिल करने की आवश्यकता है।

एक बहुराष्ट्रीय कंपनी की चीन स्थित इकाई कई शर्तों के अधीन विदेशी प्रोमोटरों को सीधे लाभांश का भुगतान कर सकती है। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां चीन से नकदी भेजने के लिए अंतर-कंपनी भुगतान, जैसे सेवा शुल्क या रॉयल्टी का उपयोग करती हैं। कुछ लोग किसी विदेशी संबंधित कंपनी को, जिसके साथ उसका इक्विटी गठजोड़ है, ऋण देकर अवितरित लाभ भेजते हैं। चीन में बहुराष्ट्रीय कंपनियां 'कैशट्रैप' नामक घटना का शिकार होती हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा चीन में अपने परिचालन के संबंध में ऐसा माना जाता है।

नकदी जाल का मतलब है कि, जबकि चीन में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के सहयोगी या सहायक परिचालन लाभदायक हो सकते हैं, उन मुनाफे का प्रतिनिधित्व करने वाली कुछ नकदी को बाहर निकालने का कोई कानूनी और प्रभावी साधन नहीं है, ताकि एक तरह से मुनाफे का एक हिस्सा (नकद) प्रभावी रूप से देश में ही फंसा हुआ है। नकदी जाल की घटना इसलिए मौजूद है क्योंकि जिस तरह से चीनी नियमों की विभिन्न परतें-विदेशी मुद्रा नियम, विदेशी निवेश वाले उद्यमों पर कंपनी कानून, कर नियम, और, अंतिम लेकिन महत्वपूर्ण, चीन के हस्तांतरण मूल्य निर्धारण नियम- को चीन में कार्यरत बहुराष्ट्रीय कंपनियों के संदर्भ में एक दूसरे बातचीत के लिए लागू किया जाता है।

इसके विपरीत, विदेशी कंपनियों के लिए भारत के प्रत्यावर्तन नियम कम जटिल प्रतीत होंगे। भारत स्वयं पारंपरिक रूप से प्रौद्योगिकी और उच्च-स्तरीय सेवाओं का शुद्ध आयातक रहा है। परिणामस्वरूप, भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनियां अक्सर प्रौद्योगिकियों के उपयोग और तकनीकी सेवाओं (एफटीएस) के लिए शुल्क के लिए संबंधित और असंबंधित विदेशी संस्थाओं को पर्याप्त रॉयल्टी का भुगतान करती हैं। भारत विदेशी बौद्धिक संपदा का आयात और उपयोग जारी रखता है। हाल ही में, भारत के लाइसेंस शुल्क भुगतान में तेजी से वृद्धि हुई है। 2021 में, इस तरह के भुगतान की राशि 8.63 अरब थी, जो 2015 में भुगतान की गई फीस से 72प्रतिशत अधिक है। एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि एस एंड पी 500 कंपनियों के बाजार मूल्य में आईपी का योगदान 1975 में 17प्रतिशत से बढ़कर 2020 में 90प्रतिशत हो गया है। केवल अल्पकालिक वित्तीय प्रभाव पर ध्यान केंद्रित करना अदूरदर्शी हो सकता है और आईपी के रणनीतिक और दीर्घकालिक मूल्य को पहचानने में विफल हो सकता है।

एचपी, डेल, एसर, आसुस, लेनोवो और एप्पल जैसी वैश्विक आईटी हार्डवेयर कंपनियों को भारत में विनिर्माण आधार स्थापित करने में अधिक समय लग सकता है। वे जिन समस्याओं का हवाला देते हैं उनमें भारत में घटकों के पारिस्थितिकी तंत्र की कमी, खराब आपूर्ति श्रृंखला और महंगी लॉजिस्टिक्स शामिल हैं। लेकिन, स्थिति तेजी से बदल रही है। हालांकि इसे ठीक करने में थोड़ा समय लग सकता है, लेकिन सरकार चाहती है कि विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियां शुरुआत करें, जिससे मुद्दों को सुलझाने में मदद मिलेगी।

आखिरकार, कुछ वर्षों में, जब घटक विनिर्माण शुरू हो जायेगा और आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दों को सुलझा लिया जायेगा, तो यह सभी हितधारकों के लिए एक जीत की स्थिति होगी। वास्तव में, नवीनतम लाइसेंसिंग व्यवस्था विदेशी निवेशकों को बढ़ते भारतीय बाजार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करने के लिए चीन स्थित और इसी तरह के अन्य विदेशी निर्यातकों द्वारा 'डंपिंग' के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है। फॉक्सकॉन के बॉस यंगलियू का भारत पर भरोसा कंपनी के वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के निर्णयों को प्रभावित करने की उम्मीद से है क्योंकि ताइवानी आईटी दिग्गज भारत में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए प्रमुख घटकों के क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम करने की योजना बना रही है।

**विदेशी और स्थानीय निर्माताओं के लिए बाजार का आकार मायने रखता है। एक विदेशी निवेशक के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण बात है करों और प्रत्यावर्तन व्यवस्थाओं से संबंधित सरकारी विनियमन, जिसमें लाभांश, प्रौद्योगिकी शुल्क, रॉयल्टी और प्रधान कार्यालय रखरखाव शुल्क और मुफ्त न्यायिक प्रणाली शामिल है। वर्तमान में, इन क्षेत्रों में भारत सरकार के नियम काफी हद तक निवेशकों के अनुकूल हैं।**

**पावन प्रसंग**

## समग्र विकास का साधन शिक्षा

भारत में शिक्षा को एक रामबाण औषधि के रूप में हर मर्ज की दवा मान लिया गया और उसके लिए विस्तार की कोशिश बिना यह जाने समझे शुरू हो गई कि इसके अनियंत्रित विस्तार के क्या परिणाम होंगे। सामाजिक परिवर्तन की मुहिम शुरू हुई और भारतीय समाज की प्रकृति को देशज दृष्टि से देखे बिना हस्तक्षेप शुरू हो गए। दुर्भाग्य से ये हस्तक्षेप अंग्रेजी उपनिवेश के विस्तार ही साबित हुए हैं। स्मरणीय है कि भारत में नालंदा और तक्षशिला जैसी विश्वस्तरीय शैक्षिक संस्थाओं, गुरुकुलों, विद्यालयों और गांव-गांव में फैले स्कूलों की शृंखला वाली समाज-पोषित शिक्षा व्यवस्था को अंग्रेजी शासन द्वारा विधिपूर्वक तहस-नहस किया गया था। विकसित ज्ञान क्षेत्रों और उनके उपयोग की सारी व्यवस्था को अंग्रेजों ने अपने हित में परे धकेलकर अपने ही घर में विस्थापित कर दिया था साथ ही उसमें से अपनी पसंद के रुचिकर ज्ञान को जीवन से काटकर जड़ बने इतिहास को समर्पित कर संग्रहालय की वस्तु बना दिया था।

यह भारत में शिक्षा के एक शून्य के निर्माण के लिए हुआ, ताकि सिरे से शिक्षा का एक नया प्रासाद निर्मित हो। इस शून्य को अपने एजेंडे के अनुसार अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था से भरा गया, ताकि शिक्षा का ऐसा नवनिर्माण हो कि अंग्रेजी विचार पद्धति और ज्ञान भारतीय चिंतन और ज्ञान का स्थान प्राप्त कर ले। भारतीय मानस के कायाकल्प की उनकी योजना सफल भी हुई। अंग्रेजी उपनिवेश के दौरान शिक्षा का जो ढांचा लादा गया, वह उपनिवेश के उपरांत स्वतंत्र भारत में प्रश्नांकित होने की जगह ठीक ठहराया गया और उसे आंख मूंदकर आत्मसात कर लिया गया।

ऐसा भी नहीं था कि असंगतियों-विसंगतियों पर ध्यान नहीं दिया। इनकी समीक्षा के लिए विचार-विमर्श हुआ और राधाकृष्णन और कोठारी आयोगों और राममूर्ति समिति आदि के प्रतिवेदनों के माध्यम से बहुत संस्तुतियां भी हुईं। ऐसे विचार अभी भी जारी हैं, पर अधिकांश ठंडे बस्ते में हैं। ज्ञान में पश्चिमी वर्चस्व बरकरार है। विभिन्न विषयों में सिद्धांत, अवधारणाएं और विचार पहले यूरोप और बाद में अमेरिका से प्रचुर मात्रा में आयातित हुए और उन्हीं के खांचे में फिट कर हमने स्वयं को देखना शुरू किया। इस प्रक्रिया में हमारे द्वारा जिस सामाजिक यथार्थ का निर्माण हुआ, वह केवल भ्रम का कारण बना और हम यथार्थ को भुलाकर वैज्ञानिकता के घने आवरण में हमारी आधी अधूरी समझ में पश्चिमी ज्ञान को ही सार्वभामिक ज्ञान का दर्जा दिया गया। दर्शन विज्ञान और साहित्य की सारी की सारी भारतीय उपलब्धियां अंधकार में लुप्त होने को अभिशप्त होती चली गई।

हालांकि सरकारी और औपचारिक ज्ञान की श्रेणी से बहिष्कृत होने पर भी लोक जीवन में टूटे, बिखरे और बदले रूपों में उसके अवशेष देखे-सुने जा सकते हैं। योग, संगीत, चित्रकला, आयुर्वेद और आध्यात्मिक ज्ञान के क्षेत्र में उनका बाजार कुछ चमक जरूर रहा है, पर ज्ञान की स्वीकृत परिपाटी में उनकी कोई जगह नहीं है। उनकी स्वीकृति अभी भी दोयम या तीसरे दरजे की ही है। कटु और कठोर वास्तविकता यह है कि ज्ञान-विज्ञान की अपनी परंपरा को अनावश्यक ठहराकर व्यर्थ बना दिया गया है। वहीं विदेशों के चलन की नकल करते हुए नए-नए विषय शुरू किए जा रहे हैं। ज्ञान की अंधी और महंगी दौड़ जारी है और हमें गंतव्य का पता नहीं है भूमंडलीकरण और वैश्वीकरण के बीच हमारी अपनी पहचान और अस्मिता का प्रश्न गौण हो चला है।

देशज ज्ञान परंपराओं को संदिग्ध की श्रेणी में डालकर पश्चिमी ज्ञान की प्रासंगिकता और आधुनिकता के कवच से सजाया गया है। उसके वर्चस्व को अभेद्य और सुरक्षित बनाया गया है। परिणामस्वरूप यहां का शिक्षा तरु जड़ों से कटता हुआ सूखने लगा है। उसकी जगह जो नया पीधा रोपा गया, उसने यहां का जो भी सहज और स्वाभाविक ज्ञान था, उसे खारिज कर दिया। अध्ययन की एक नई चाल है।

**अखंड ज्योति**

**आपके पत्र**

## सड़क दुर्घटनाओं से जूझता पहाड़

भारत में प्रति वर्ष जितने लोग विभिन्न बिमारियों के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं, तक़रीबन उतनी ही संख्या में अकेले सड़क दुर्घटनाओं के कारण अपनी जान गंवा देते हैं. मैदानी इलाकों के साथ-साथ पहाड़ी राज्यों में भी प्रति वर्ष अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है. पहाड़ी राज्य उत्तराखंड इसका उदाहरण है. जहां वर्ष 2021 में 1405 सड़क हादसे (820 मृत्यु व 1613 घायल), 2022 में 1674 सड़क हादसे (1042 मृत्यु व 1613 घायल) 05 जून, 2022 को यमुनोत्री हाईवे पर डामटा के पास बस हादसे में 26 यात्रियों की मौत, 04 अक्टूबर, 2022 को पौड़ी के सिमड़ी में बस हादसा हुआ जिसमें 33 लोगों की मौत हुई, 18 नवम्बर, 2022 को चमोली के जोशीमठ में सूमों हादसा और 12 यात्रियों की मौत।

इस प्रकार के कई हादसे हैं, जिनके बारे में सोचकर ही रूह कांपने लगती है. 2023 में भी सड़क हादसों का क्रम जारी है। पहाड़ों पर अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण ओवरस्पीड, नशा करके गाड़ी चलाना, यातायात के नियमों का पालन न करना, आदि पाया गया है. सरकार द्वारा इस पर लगाम हेतु पहल भी की गई है। परिवहन विभाग द्वारा भी निगरानी बढ़ाई गई है, लेकिन इसके बावजूद भी हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसे में यह परिवहन विभाग व राज्य सरकार के सामने चुनौती बनी हुई है कि आखिर साल दर साल बढ़ रहे सड़क हादसों पर कैसे लगाम कसी जाए? राज्य में हर दिन सड़कें खून से लाल हो रही हैं। इसके लिए ओवरस्पीड व गलत दिशा में वाहनों का चलना व यातायात के नियमों का पालन करना ही शामिल नहीं है, बल्कि कई जगह सड़कों की ख़राब हालत भी ज़िम्मेदार है।

जर्जर हो चुकी सड़कों के चलते सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित ख़बरों का न्यूजपेपर में आना आम सी बात हो गई है। दरअसल सड़कें बनाते समय सही मानकों का पालन नहीं किया जाता है। जिसके कारण सड़कों की हालत खराब रहती है. यदि सही मात्रा में सामग्री को मिलाकर कार्य किया जायेगा तो इसके जल्द ख़राब होने की संभावना नहीं होती है। वर्तमान समय में बनने वाली सड़कें बारिश की पहली बूंद में ही दम तोड़ देती हैं। अलबत्ता कागजों में संबंधित कार्यों की वाहवाही ज़रूर होती है। वहीं दूसरी ओर पहाड़ों पर सिंगल लेन का होना व रास्तों पर गाड़ियों का जमावड़ा एवं अतिक्रमण भी इन दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार साबित हो रहे हैं। पहाड़ों में हर ग्राम तक सड़क पहुंचाने के चक्कर में मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए हजारों लिंक रोड बनाई जा रही हैं। जिसके लिए पहाड़ों पर ब्लास्टिंग व मशीनों से पहाड़ों का कटान किया जाता है। इससे पर्वत कमजोर हो रहे हैं। साथ ही बदलते मौसम की मार भी सड़कों पर सफर को जोखिम भरा बना रही है।

**गिरीश बिष्ट, रुद्रपुर, उत्तराखंड**

## सार समाचार

### नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर नाबालिग के अपहरण व उससे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी पीड़ित नाबालिग बालिका के पिता द्वारा चांचौड़ा थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, कि 14-15 सितंबर की मध्यरात में उसकी 14 वर्षीय नाबालिग लडक़ी घर से बिना बताये कहीं चली गई है। जिसे उसने अपने स्तर पर सभी जगह तलाश कर लिया गया। लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल पाया है। जिसकी रिपोर्ट पर धारा 363 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। उक्त मामले में पुलिस ने गत दिवस अपहृता को दस्तयाब कर उसके परिजनों को सौंपा है। पीड़िता द्वारा दस्तयाबी पर अपने कथनों में बताया कि ग्राम तेलीगांव निवासी भोला उर्फ बृजेश लोधी ने आज से करीबन 3 माह पहले उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया था और 14 सितंबर की रात में उसे फोन पर घर से भागने के लिये बोला तो रात को वह घर से निकलकर चली गई थी। जिसके कथनों के आधार पर प्रकरण में आरोपी पर धारा 511, 376, 337 भादवि एवं 4/5 पाक्सो एक्ट इजाफा की गई। प्रकरण के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

### जेसीआई गुना शक्ति के सेवा सप्ताह का हुआ समापन



**गुना, देशबन्धु।** जेसीआई गुना शक्ति के समापन के आखिरी दिन संस्था की सदस्यों ने सेवा सप्ताह समारोह के समापन पर फैमिली ड्रामा पार्टी घर घर प्यार और तकरार थीम पार्टी का आयोजन किया। पार्टी में 7 टीमों ने भाग लिया। जिसकी हर टीम में 4 सदस्यों ने अपना-अपना अभिनय किया। जिसमें कोई देवरानी जेठानी कोई सास बहू तो कोई ननद भाभी बन कर। सभी ने संस्था की सदस्यों ने अच्छा अभिनय किया। साथ ही पार्टी में फैमिली हाउसी भी खिलाया गया। जिसमें नौटंकी ननद, दमदार जेठानी, धमाकेदार सास और फैमिली ड्रामा फुल हाउसी स्कीम्स राखी गई थीं। बाद में प्रतिभागियों को संस्था द्वारा पुरस्कार वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्वेता बिंदल, सचिव मनीषा बिंदल, कोषाध्यक्ष स्वाति जैन, मीना मित्तल, भावना जैन, हेमा अग्रवाल, रुचि अग्रवाल और क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### चरनोई की भूमि पर सहरिया आदिवासियों कब्जा करने के लगाए आरोप

# मूंदोल मामला : यादव समाज हुआ लामबंद, कलेक्ट्रेट पहुंचकर दिया ज्ञापन



**गुना, देशबन्धु।** बमोरी थानांतर्गत मूंदोल में वन विभाग की जमीन पर कब्जे को लेकर हुए संघर्ष में अब दूसरे पक्ष के समर्थन में यादव समाज ने लामबंद होकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मारपीट के उक्त केस को झूठा बताते हुए जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई। इसके पूर्व मंगलवार को एकता परिषद ने एसपी कार्यालय पहुंचकर सहरिया समाज के परिवार के साथ मारपीट करने वाले दबंगों पर कार्रवाई की मांग की थी। अब यादव समाज द्वारा लामबंद होकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि वह लोग अपनी भैंसों को लेकर जंगल में चराने गए थे। तभी मुरारी सहरिया, पूरन सहरिया, इमरत सहरिया, देवेन्द्र सहरिया के साथ एक दर्जन पुरूष एवं दो दर्जन से अधिक महिलाओं ने उनके साथ मारपीट की थी। इस मामले में वह पुलिस थाने शिकायत लेकर गए, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। ज्ञापन में कहा गया कि कुछ कम्युनिष्ट पार्टी के नेता राजनीतिक एजेंडा बनाकर झूठे तौर पर राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। जिससे आहत होकर उन्हें सामने आना पड़ा।

यादव समाज के अनुसार उक्त भूमि को लोग चारागार के रूप में वर्षों से इस्तेमाल करते आ रहे हैं। जिस पर सहरिया लोग गुना के कुछ लोगों के साथ मिलकर जबरन कब्जा कर उसे बेचना चाह रहे हैं। ज्ञापन में समाज पीड़ित परिवार एवं यादव समाज ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। दरअसल फरियादी कन्हैयालाल सहरिया और उसके परिवार के सदस्यों के साथ 18 सितंबर को मूंदोल के जंगल में वनविभाग की जमीन की जुताई करते समय गांव के सुनमान यादव, धर्म यादव, गोलू यादव, जगभान यादव आए गाली गलौंच कर मारपीट की थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों पर धारा 294, 323, 34 भादवि एवं हरिजन एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था।

## स्नातक प्रथम के परीक्षा परिणाम में अधिकांश छात्रों को बताया अनुपस्थित

### छात्र संगठन एनएसयूआई ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**गुना, देशबन्धु।** जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में घोषित स्नातक प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में पीजी कॉलेज के अनेकों छात्रों को अनुपस्थित बता दिया गया है। जबकि अधिकांश छात्र परीक्षाओं में उपस्थित थे। परीक्षा परिणामों के खिलाफ बुधवार को छात्र संगठन एनएसयूआई ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई द्वारा द्वारा हाल ही में घोषित हुए बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम वर्ष का रिजल्ट सुधरवाने को लेकर ज्ञापन पीजी कॉलेज प्रचार को कुलपति के नाम दिया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष फलेषु सिंह सिसोदिया ने बताया कि जीवाजी विवि द्वारा घोषित हुए रिजल्ट में जो छात्र उपस्थित थे, उनको अनुपस्थित कर दिया गया और उनकी मार्कशीट पर अनुपस्थित दिखाई दे रहा है। जबकि वह न सिर्फ उपस्थित थे, बल्कि पर्चा भी हल किया था। एनएसयूआई ने ज्ञापन के माध्यम से कुलपति से मांग की है कि जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम की कमियां दूर कर पुनः रिजल्ट घोषित करें। इस दौरान जिलाध्यक्ष एनएसयूआई फलेशु राज सिंह सिसोदिया, सचिन जायसवाल कॉलेज प्रभारी, इकरार खान सोशल मीडिया प्रभारी, आदित्य रघुवंशी जिला उपाध्यक्ष, अनु पवार उपाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष संतराम जाट, विकेश यादव, महक खान, निकिता जाट, आकाश रघुवंशी, आदर्श चौहान, राज रघुवंशी, अनुरोध ओझा, संदीप अहिरवार, नीकेश राय आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ भाकपा ने सौंपा ज्ञापन




**गुना, देशबन्धु।** बिगड़ती कानून व्यवस्था और आदिवासियों पर अत्याचार के खिलाफ बुधवार को भाकपा द्वारा कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें हाल ही में मूंदोल एवं उकावद में आदिवासी युवक के साथ मारपीट सहित अन्य मामलों को उठाया गया। ज्ञापन में हाल ही में मूंदोल में सहरिया परिवार के साथ हुई मारपीट के मामले में बमोरी पुलिस के पंजाब सिंह दरोगा की संदिग्ध भूमिका की शिकायत की गई। भाकपा के अनुसार पुलिस ने आरोपियों के दबाव में मामूली धाराओं में मामला दर्ज किया है। ज्ञापन में मांग की गई कि मूंदोल में घायल महिलाओं के साथ मारपीट करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएं। पीड़ितों को सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराकर उचित मुआवजा दिया जाए। जिन आरोपियों ने आदिवासियों के घर जलाए हैं उनसे उनके घर बनाने संबंधी मुआवजा दिलाए जाए। वहीं बमोरी थाने में पदस्थ दरोगा पंजाब सिंह को तुरंत सस्पेंड किया जाए। इसके अलावा जिले में अपराध रोकने संबंधी उचित कार्रवाई करने एवं अजाक्स थाने के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग की गई।

### हिन्दी सप्ताह के तहत चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**गुना, देशबन्धु।** विधिक साक्षरता हिंदी सप्ताह के अंतर्गत शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता मातृभाषा हिंदी और निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। निबंध प्रतियोगिता का विषय स्वामी विवेकानंद अथवा महात्मा गांधी के जीवन के प्रति विचार पर छात्राओं ने निबंध लिखा।

प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने हिंदी से संबंधित कई पोस्टर तैयार किये और महापुरुषों से संबंधित निबंध प्रतियोगिता में भाग ले अपने विचार प्रस्तुत किए। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम शिवानी ओझा, द्वितीय निकिता जाटव और तृतीय हेमलता अहिरवार ने प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में पूनम पारीक, श्रीमती सोनू सिसोदिया और प्रशांत आर्य ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया।


### मुंबई से दिल्ली तक साइकिल यात्रा पर निकला पेंशनर

## पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग



**गुना, देशबन्धु।** नई पेंशन नीति के विरोध में महाराष्ट्र के एक पेंशनर साइकिल यात्रा पर निकले हैं। वह लोगों को जागरूक कर अपना विरोध दर्ज करवाने के लिए निकल गए हैं। उन्होंने अपना विरोध दर्ज करवाने के लिए दिल्ली रामलीला मैदान में होने जा रहे पेंशनर्स संघर्ष महा अधिवेशन में सम्मिलित होने का आह्वान भी कर रहे हैं। पेंशनर्स संघर्ष यात्रा लेकर मुंबई से दिल्ली तक साइकिल से सफर कर रहे आरडी निकम गुना पहुंचे। यहां एन एम ओ पीएस के जिलाध्यक्ष रमेश अहिरवार के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला संयोजक नरेंद्र भार्गव, कार्यकारी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी, दामोदर धाकड़, अमरीश, अशोक, भार्गव, मुकेश पीप्पल, रामगोपाल साहू, प्रमोद भार्गव, प्रद्युमन शर्मा, किशन लाल जाटव, विवेक दीक्षित, मिट्ठू लाल अहिरवार, बिहारी किरार, गिरीश जाटव, गोपाल अहिरवार आदि ने स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने यहां के सभी पेंशनरों की एक बैठक लेकर उन्हें दिल्ली में होने जा रहे बड़े महा।

## बांदा नवाब के वंशज आफ़ाक अली का निधन



**सीहोर, देशबन्धु।** सन 1857 के महान स्वतंत्रता संग्राम में झांसी की महारानी का अंतिम समय तक साथ देने वाले बांदा नवाब के वंशज आफ़ाक अली बहादुर का निधन हो गया है। वह 69 वर्ष के थे और जिला पंचायत अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त होने के बाद कस्बा स्थित बांदा कंपाउंड में निवास कर रहे थे। बीती रात ईशा की नमाज के बाद उनका जनाजा निज निवास से निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में परिवारीजन, प्रबुद्धजन और मित्रगण शामिल हुए। इसके बाद चोपड़ा वाली मस्जिद के समीप स्थित अलीगढ़ क़ब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे ख़ाक कर दिया गया। उनके असामयिक निधन पर विधायक सुदेश राय, नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलबीर तोमर, भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव रघुवर दयाल गोहिया, जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश राय, वरिष्ठ पत्रकार बलजीत ठाकुर, सीहोर क्लब के सचिव शैलेंद्र पहलवान, जुगल किशोर पटेल, नरेंद्र जोशी, सुरेश बाबू राठौर, जयमल सिंह, रामरतन शाक्य, एआर शेख मुंशी, हरीश आर्य, संतोष सिंह, डॉ. गिरीश जोशी, डॉ. ए. ए. कुरैशी, सुरेश सोनी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### मारपीट मामले में फरार वारंटी के गांव आते ही पुलिस ने दबोचा

**गुना, देशबन्धु।** मृगवास पुलिस द्वारा मारपीट के मामले में लंबे समय से फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से बचने वारंटी राजस्थान चला गया था। जिसके अपने गांव वापस आते ही पुलिस द्वारा तडक़े दविश देकर धर दबोचा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी मोहर सिंह पुत्र सौजीराम बंजारा निवासी ग्राम बंजारीकला थाना मृगवास द्वारा वर्ष 2017 में मारपीट की एक घटना को लेकर जिसके विरुद्ध मृगवास थाने में धारा 323, 294, 506 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया था। उक्त प्रकरण में आरोपी न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर न्यायालय चांचौड़ा द्वारा अपने न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 646/17 में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु स्थाई वारंट जारी किया गया थाद्ध जो तामीली हेतु मृगवास थाने पर प्राप्त हुआ था।

### विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से चर्चा कर लिया फीडबेक

# कलेक्टर ने शिविर का किया निरीक्षण

**गुना देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी द्वारा बुधवार को विकासखण्ड गुना के करकेकीमहू में आयोजित आहार अनुदान योजना के शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम गैस कनेक्शन, लाड़ली बहना आवास, आहार अनुदान योजना, पंचायत क्षेत्र में संचालित निर्माण कार्य एवं आंगनबाडी से संबंधित जानकारी पंचायत सचिव से ली गयी और उपस्थित हितग्राहियों से व्यक्तिशः चर्चा कर योजनाओं का फीडबेक प्राप्त किया। इस दौरान पोर्टल पर गैस सिलेण्डर से संबंधित आवेदन की प्रविष्टि कराकर निराकरण कराया गया एवं आहार अनुदान से संबंधित डुप्लीकेट आईडी संबंधी समस्या के निराकरण करने के लिये सचिव को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव मोतीलाल नायक सहित आंगनबाडी कार्यकर्ता और आदिम जाति कल्याण विभाग का स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

#### 22 जिला अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

आहार अनुदान हितग्राहियों के ई-केवायसी होने के उपरांत हितग्राहियों का बैंक खाता डीबीटी, एनपीसीआई इनएक्टिव की समस्या आ रही है। इस समस्या को समाधान एवं निराकरण हेतु कलेक्टर तरूण राठी द्वारा टीम गठित कर आगामी 23 सितंबर तक जिले में सतत शिविरों के आयोजन करने के निर्देश दिये गये है, ताकि हितग्राहियों के खातों से संबंधित समस्या का निराकरण किया जा सके। इसी क्रम में 22 अधिकारियों को नियुक्त कर आहार अनुदान के हितग्राहियों की आधार आधारित रजिस्ट्रेशन के कार्य हेतु विकासखण्ड गुना, बमौरी की ग्राम पंचायत स्तर पर आहार अनुदान योजना के सत्यापन हेतु आयोजित शिविरों के मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गयी है। जिसमें नोडल अधिकारी डीईओ चंद्रशेखर सिसोदिया द्वारा जनपद गुना अंतर्गत ग्राम पंचायत धानवाड़ी, डीपीसी ऋषि शर्मा द्वारा ग्राम पंचायत बिलोनिया, डीपीओ आरबी गोयल द्वारा ग्राम पंचायत उदयपुरी, जिला आपूर्ति अधिकारी तुलेश्वर कुर्रे द्वारा ग्राम पंचायत राई, प्रभारी खनिज अधिकारी दीपक सक्सेना द्वारा ग्राम पंचायत छीपोन, जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी अशोक चौहान द्वारा ग्राम पंचायत गढ़लागिर्द, जीएम डीआईसी एनएल श्रीवास्तव द्वारा ग्राम पंचायत करीली, सचिव कृषि उपज मंडी उदयभान चतुर्वेदी द्वारा ग्राम पंचायत सिंहपुर, जनअभियान परिषद श्रीमति मंजूषा सोलोमन द्वारा ग्राम पंचायत हिलगना, डीएमओ रितविक तेंभरे द्वारा ग्राम पंचायत खेरीखता, सहायक संचालक शिक्षा राजेश गोयल द्वारा मझोला, बीईओ आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा ग्राम पंचायत अगरा, अतिरिक्त जिपं सीईओ विशाल सिंह द्वारा ग्राम पंचायत देवरीमार, जिला आबकारी अधिकारी जेएन किराडे द्वारा ग्राम पंचायत नयागांव, सीएमएचओ द्वारा ग्राम पंचायत करकेकीमहू, प्राचार्य एकलव्य आदर्श विद्यालय डॉ. नारायण सिंह द्वारा ग्राम पंचायत पिपरोदाखुर्द, जिला पंजीयक गावर्धन प्रसाद द्वारा ग्राम पंचायत मगराना, डीपीएम एनआरएलएम श्रीमति सोनु सुशीला यादव द्वारा ग्राम पंचायत हिनोतिया, जिला योजना अधिकारी आरएस रैकवार द्वारा ग्राम पंचायत गोपालपुरा टकटैया एवं जिला रोजगार अधिकारी बी.एस. मीना द्वारा ग्राम पंचायत बेंहटाघाट में आज आहार अनुदान योजना के सत्यापन कार्य किया गया।



## पूर्व नपा अध्यक्ष अकीदा बी को बनाया जिला महासचिव



आष्टा, देशबन्धु। मप्र महिला कांग्रेस में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अकीदा बी को जिला महासचिव बनाया गया है। उनकी नियुक्ति महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष गुलाबबाई ठाकुर ने महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष विभा पटेल की सहमति से की गई। मप्र महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल की सहमति से महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती गुलाबबाई ठाकुर ने पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती अकीदा बी को जिला महिला कांग्रेस की महासचिव पद पर नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस में बड़ी तादाद मे महिला जुड़ेगी और कांग्रेस मजबूत होगी। अकीदा बी को जिला महिला कांग्रेस की महासचिव नियुक्त होने पर उन्हें बधाई देने वालों में सर्वश्री कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर, महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती गुलाबबाई ठाकुर, प्रदेश महामंत्री कैलाश परमार, एआईसीसी मेंबर हरपाल ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, नगर अध्यक्ष जाहिद गुड्डू, कोठरी नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधी राधेश्याम दलपति, प्रहलाद सिह खड़ीहाट, मेहरवान सिंह मूंदीखेड़ी, नरेंद्र सिह भाटी, सनव्वर खान, मकसूद खान, भैया मुजफ्फर पटेल, बन्ने मंसूरी, सईद टेलर सहित कई लोगों ने नियुक्ति होने पर अकीदा बी को बधाई दी।

## कायस्थ बंधु समिति ने किया खरे परिवार को चित्रगुप्त सम्मान से सम्मानित



**सीहोर, देशबन्धु।** परिवार के सभी सदस्यों ने किया खुलकर दहेज और माषाहार मुक्त अभियान का समर्थन। कायस्थ समाज एकदम दहेज एवम मांसाहार मुक्त बने इसी आशय के साथ कायस्थ बंधु पत्रिका समिति भोपाल की ओर से घर घर चित्रगुप्त घर घर सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। अभियान के जरिए कायस्थ समाज को टूटने से बचाने को लेकर कायस्थ बंधु समिति का किया जा रहा है उददेश्य पुर्ण प्रयास इसी कडी मे बुधवार को अवधपुरी आधार शिला प्रगतिनगर मे रिटा,शिक्षिका एवम साहित्यकार श्रीमति राजेश्वरि स्वर्गीय ओ,एस खरे के निवास पर सम्मान कार्यक्रम किया गया है। इस सम्मान कार्यक्रम में साहित्य,कला, एवं शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने वालों को चित्रगुप्त सम्मान दिया गया है। समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने सभी को पीले गमछे पहनकर सम्मान मे प्रशस्ति सम्मान पत्र प्रदान कर श्री चित्रगुप्त भगवान् की तस्वीर भेंट की। इस शुभ अवसर पर समिति ने सभी को कायस्थ बंधु समिति द्वारा आयोजित दहेज एवं मांसाहार मुक्त अभियान में सहभागी बनने का आग्रह किया है। यह सम्मान मुख्य रूप से श्रीमती राजेश्वरी खरे, विधि खरे, तृप्ति खरे, राम अशीष खरे के अलावा मशहूर टीवी ऐक्ट्रेस प्रीति खरे सहित को दिया गया है।

के घर पर चित्रगुप्त सम्मान कार्यक्रम रखा गया है।इस सम्मान कार्यक्रम मे प्रीति खरे के परिवार के सभी सदस्य शामिल हुए है। समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने साहित्य,कला,एवम शिक्षा क्षेत्र मे श्रेस्ठ उत्यक्रषठ कार्य करने पर खरे परिवार के सदस्यों को पीले गमछे पहनाकर सम्मान मे प्रशस्ति सम्मान के साथ श्री चित्रगुप्त भगवान की तस्वीर भेट की।इस शुभ अवसर कायस्थ बंधु समिति ने परिवार के सभी को दहेज एवम मांसाहार मुक्त अभियन के तहत अपने बेटा बेटी का विवाह करने का संकल्प भी दिलाया है।

## 28 को निकलेगा मिलाद-उन-नबी का जुलूस, मिर्जा को बने सदर



**आष्टा, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ईद मिलाद उन नबी का त्यौहार मनाने के लिए मुस्लिम समाज की बैठक जामा मस्जिद परिसर मे हुई। जिसमें सर्वसमिति से मिर्जा फारूक बेग को सदर बनाया गया। नायब सदर महफूज नियाजी सेक्रेट्री नासिर हुसैन, खजांची नवाब उर रहमान, राजबाबा, इख्तियार खान,वसीम,इनाम उर रहमान,को सदस्य बनाया गया। बैठक में हाजी मुबारिकउद्दीन,पार्षद जाहिद गुड्डू,भैया मिंया,सनव्वर उस्ताद,बब्बन नियाजी,फौजुल रहमान,शेख रईस,मतीन पठान,सुल्तान बाबा,नवाब बेरी, बब्बन अखाड़ा उस्ताद,अफसर हुसैन के साथ बड़ी संख्या मे मीटिंग मे उपस्थित थे। सर्वसमिति से यह निर्णय लिया गया कि 28 सितंबर दिन गुरुवार समय 2 बजे से मिलादउननबी का जुलूस प्रारंभ होगा। सदर मिर्जा फारूक बेग ने बताया कि जुलूस अली चौक से पुराना बस स्टैंड पुरानी सब्जी मंडी कसाईपुरा चौराहा सिकंदर बाजार गल चौराहा बुधवारा रोड होता हुआ अस्पताल चौराहा से पुरान बस स्टैंड से अली चौक पर पहुचेगा। जहां समान होगा। इसके बाद रात 9 बजे जलसा शुरू हुआ।

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### डायल 100 ने घर का रास्ता भटके 2 मासूम बच्चों को सुरक्षित पहुंचाया

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** घर का रास्ता भटके दो मासूम बच्चों को डायल 100 ने सुरक्षित घर पहुंचा है जानकारी के अनुसार शहर की 100डायल वाहन को इवेंट नंबर 2398 पर सुनसान इलाके में दो अबोध बच्चों के असुरक्षित घूमते हुए देखने की सूचना प्राप्त हुई।

जिसपर वाहन के स्टाफ आरक्षक नीतेश छारी एवं चालक राम गोपाल शर्मा द्वारा संवेदनशीलताएवं तत्परता से कार्रवाई करते हुए तुरंत इवेंट देने वाले कालर राहुल यादव से संपर्क कर दोनों अबोध बच्चों जिनमें एक बालक रावीर उम्र 5बर्ष एवं एक बालिका उम्र 3 बर्ष को सुरक्षार्थ अपने संरक्षण में लिया और थाना बासौदा शहर लाये थाना प्रभारी शहर बासौदा निरीक्षक संजीव चौकसे एवं उनकी टीम महिला उपनिरीक्षक प्रतिभा बाजपेई , महिला आरक्षक सोनम भदोरिया ने मासूम बच्चों से पूछताछ कर बच्चों के माता-पिता की जानकारी ली गई तो सीमा एवं शिवराज निवासी ग्राम वेदनखेडी थाना शहर बासौदा की पहचान बच्चों के माता-पिता के रूप में हूई जिन्हें बुलाकर बच्चों को सकुशल सुपुर्द किया गया। पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि दोनों बच्चे खेलते खेलते घर से दूर चले गए और फिर रास्ता भटककर असुरक्षित क्षेत्र में रेलवे लाइन के पास पहूंच गए। सूचना कर्ता राहुल यादव एवं 100डायल के स्टाफ एवं थाना प्रभारी की सतर्कता, तत्परता और संवेदनशीलता से दोनों बच्चों को सुरक्षित माता-पिता के पास पहूंचाया गया।

### आठवीं कक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को भी मिलेगा

**रायसेन, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ अब 45 वर्ष की आयु तक के आठवीं कक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को भी मिलेगा।

युवाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना संचालित है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में संपर्क कर सकते हैं। आवेदन वेबसाइट https:// samast.mponline.gov.in के माध्यम से भी भरे जा सकते हैं। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की पात्रता अनुसार अब हितग्राही की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष है। इसी तरह शैक्षणिक योग्यता 8वीं कक्षा उत्तीर्ण है। इस योजना के तहत बैंक ऋण एवं अनुदान के माध्यम से शिक्षित बेरोजगार युवा सेवा व्यवसाय एवं स्वयं का उद्योग स्थापित कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिये जिला उद्योग केन्द्र में संपर्क किया जा सकता है।

भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा का रायसेन आगमन पर हुआ पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत

# कांग्रेस हमेशा से ही तुष्टिकरण की राजनीति करती आ रही है : डॉ. मिश्रा



**रायसेन, देशबन्धु।** भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा बुधवार को पर्यटन स्थल सांची से होकर जिला मुख्यालय रायसेन आई जहां जन आशीर्वाद यात्रा का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया जैसे ही जन आशीर्वाद यात्रा शहर की सीमा क्षेत्र गोपालपुर आई वहां पहुंचकर सैकड़ो भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने रैली के माध्यम से जन आशीर्वाद यात्रा की अगवानी की एवं सभा स्थल महामाया चौक तक भाजपा कार्यकर्ता रैली के माध्यम से जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर आए । रास्ते में जगह-जगह जाना आशीर्वाद यात्रा का पुष्प बरसा कर स्वागत किया गया। सभा स्थल पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का स्वागत क्षेत्रीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित अनेक पदाधिकारीयो द्वारा किया गया। जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान महामाया चौक पर आयोजित की गई सभा को संबोधित करते हुए यात्रा का नेतृत्व कर रहे प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि देश में कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही तुष्टिकरण की राजनीति करती आ रही है और अब तो कांग्रेस हमारी नकल कर रही है हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जो योजनाएं ला रहे हैं और लागू कर रहे हैं उनकी नकल कांग्रेस कर रही है। उन्होंने कहा कि इस समय कांग्रेस पार्टी ने जो गाना बनाया है वह पाकिस्तान से चुराया गया गाना है कांग्रेस सनातन धर्म की हमेशा अवहेलना करती आ रही है, उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह का पाकिस्तान प्रेम जग जाहिर है कांग्रेस की तो सियासत ही ऐसी है जब भी दिल्ली में उनकी सरकार आती है तो पाकिस्तान उनके साथ होता है और अब दौर बदल गया है अब हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसा काम करके दिखाया है कि पाकिस्तान आज भीख मांग रहा है इतना ही नहीं मोदी जी ने चांद पर तिरंगा फहराकर देशवासियों को बता दिया है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस जो यात्रा निकाल रही है उसमें न तो मातृशक्ति किसी महिला का फोटो है और न ही किसी अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों का फोटो लगा हुआ है।

उन्होंने कहा कि हमारी बीजेपी पार्टी गांव गरीब किसान और महिला के सम्मान की बात करती है कांग्रेस पार्टी में मातृत्व शक्ति महिलाओं का सम्मान नहीं है, श्री मिश्रा ने कहा कि मातृत्व शक्ति का हमें आशीर्वाद मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि सांची विधानसभा क्षेत्र में आपके क्षेत्र के विधायक स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी द्वारा चहूमुखी विकास कार्य किया है आप ज्यादा से ज्यादा मतों से उन्हें जिताए।

इससे पूर्व आयोजित सभा को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से आज हमारे बीच प्रदेश के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा मेरे विधानसभा क्षेत्र में आए हैं मैं उनका हार्दिक बंधन अभिनंदन करता हूं, इस अवसर पर उन्होंने सांची विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की जानकारी से आमजन को अवगत कराया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा महामंत्री एवं जन आशीर्वाद यात्रा में शुरू से साथ चल रहे रणवीर सिंह रावत ने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा जनता का आशीर्वाद लेने के लिए निकाली जा रही है उन्होंने कहा कि जब से जन आशीर्वाद यात्रा शिवपुर से निकाली गई है तब से लेकर अभी तक 40 स्थान से होकर जन आशीर्वाद यात्रा रायसेन पहुंची है । उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताते हुए आम जनता के लोगों को अवगत कराया वहीं कार्यक्रम में इससे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके पश्चात जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि आज हमारे बीच प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा जी जन आशीर्वाद यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं और हमारे सांची विधानसभा क्षेत्र में आए हैं हम उनका हृदय से स्वागत बंधन अभिनंदन करते हैं। कार्यक्रम में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने भी विचार व्यक्त किए। सभा के पश्चात जन आशीर्वाद यात्रा के जिला संयोजक सुरेंद्र तिवारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया वहीं कार्यक्रम का संचालन नगर मंडल अध्यक्ष जीतू आदित्य शर्मा द्वारा किया गया।

भाजपा से निष्कासित नेता और **कार्यकर्ताओं को पुन: पार्टी में शामिल किया**- जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान आयोजित सभा के दौरान भाजपा से निष्कासित किए गए अनिल चौरसिया, मनोज कुशवाहा, श्रीमती रानी कुशवाहा, इरशाद मामू, अवधेश दीक्षित, चंद्रेश नामदेव, हर्षिता शाक्य, मनीष विश्वकर्मा को भाजपा की सदस्यता दिलाते हुए पुन: भाजपा पार्टी में शामिल करने की घोषणा की गई एवं उनका स्वागत गृहमंत्री श्री मिश्रा द्वारा किया गया।

### कार्यक्रम में यह पदाधिकारी रहे मौजूद

जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान आयोजित की गई सभा मंच पर मुख्य अतिथि प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी, प्रदेश भाजपा के महामंत्री रणवीर सिंह रावत, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता जमना सेन, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र सिंह कुशवाहा, सुरेंद्र तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, एस मुनियन,जमना सेन, भूपेंद्र सिंह वर्मा, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, रामकुमार साहू, राकेश तोमर, बृजेश चतुर्वेदी, श्रीमती वर्षा लोधी, दातार सिंह मीणा,जीतू शर्मा, वीर सिंह पटेल, राजू राठौर,बंटी महेश्वरी, श्रीमती मंजू सिंह कुशवाह, शिवराज सिंह कुशवाह, बबलू ठाकुर, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, हल्ला महाराज, जीतू ठाकुर, राकेश मालवीय, सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जन मौजूद रहे।

जन आशीर्वाद यात्रा में बोले गृहमंत्री

# घमण्डिया गठबंधन सनातन को खत्म करने की कर रहा कोशिश



**गैरतगंज, देशबन्धु।** भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा बुधवार को रायसेन जिले प्रवेश करती हुई देवनगर, गढ़ी, गैरतगंज पहुंची। यात्रा में प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी, सिलवानी विधायक ठा रामपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे। यात्रा रथ के तहसील में पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने अगवानी की तो मंत्रियों ने फूल बरसाकर जनता जनार्दन का स्वागत किया।

जन आशीर्वाद यात्रा का मुख्य कार्यक्रम नगर के बस स्टैंड पर किया गया। यहाँ आमसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश शासन के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार ओर प्रदेश में शिवराज सरकार हर वर्ग के कल्याण में काम कर रही है। चाहे वह महिलाओं के उत्थान की योजना हो, किसान कल्याण, युवाओं को रोजगार, गरीबो को मुफ्त अनाज, आमजनों को पक्का आवास सहित अनेक योजनाओं ने आमजनों का जीवन बदलकर रख दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं और आमजनों के मिल रहे अपार समर्थन से विरोधियों में हड़कंप मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है यह सनातन पर हमला करती है।मोदी विरोधी घमण्डिया गठबंधन सनातन को ख़त्म करने की कोशिश कर रहा है। वे लगातार हमारे धर्म पर हमला कर रहे है, हमारी खामोशी को कमजोरी समझ रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दो आधार पर राजनीति करती है वह भाजपा का डर बताकर मुस्लिम को बांटती है तो हिंदुओ को जातियों में बांट कर राजनीति करती है। कांग्रेस ने जन आशीर्वाद देखकर खुद की यात्रा शुरू की जिसमे पाकिस्तान से गाना लाकर यात्रा में बजाया जा रहा है।

जन आशीर्वाद यात्रा के पहले कांग्रेसियो को किया नज़रबंद - जन आशीर्वाद यात्रा में विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गैरतगंज पुलिस ने थाने लाकर नज़रबंद कर दिया। तथा सायं करीब 7 बजे कार्यक्रम के समापन के बाद उन्हें छोड़ दिया।

इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लालजी ठाकुर, देवेंद्र पटेल, शाहिद अंसारी, जिला पंचायत प्रतिनिधि संतोष मालवीय, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष टिंकू साहू, जितेंद्र ठाकुर, अमित शर्मा, सौरभ ठाकुर, सचिन कुशवाहा, नेमीचंद सतोरिया, प्रयाग रघुवंशी, राजेन्द्र ठाकुर, शैलेन्द्र शर्मा सहित अन्य को बुधवार दोपहर 1 बजे पुलिस ने थाने लाकर नज़रबंद कर दिया। और बाहर नही निकलने दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि भाजपा की दमनकारी सरकार सच की आवाज दबाने के लिए पुलिस का सहारा लेती है। हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा की भ्रष्ट सरकार एवं योजनाओं में जनता के पैसों का दुरुपयोग करने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। पर पुलिस के सहारे सरकार ने उनकी आवाज दबा दी।

## यात्रा के पहले कांग्रेसियो को किया नज़रबंद



जन आशीर्वाद यात्रा में विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गैरतगंज पुलिस ने थाने लाकर नज़रबंद कर दिया। तथा सायं करीब 7 बजे कार्यक्रम के समापन के बाद उन्हें छोड़ दिया। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लालजी ठाकुर, देवेंद्र पटेल, शाहिद अंसारी, जिला पंचायत प्रतिनिधि संतोष मालवीय, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष टिंकू साहू, जितेंद्र ठाकुर, अमित शर्मा, सौरभ ठाकुर, सचिन कुशवाहा, नेमीचंद सतोरिया, प्रयाग रघुवंशी, राजेन्द्र ठाकुर, शैलेन्द्र शर्मा सहित अन्य को बुधवार दोपहर 1 बजे पुलिस ने थाने लाकर नज़रबंद कर दिया। और बाहर नही निकलने दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि भाजपा की दमनकारी सरकार सच की आवाज दबाने के लिए पुलिस का सहारा लेती है। हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा की भ्रष्ट सरकार एवं योजनाओं में जनता के पैसों का दुरुपयोग करने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। पर पुलिस के सहारे सरकार ने उनकी आवाज दबा दी।

# पटेल अब कांग्रेस के साथ



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** बुधनी विधान सभा क्षेत्र के भेरुन्दा तहसील अन्तर्गत आने वाले ग्राम छापरी के प्रतिष्ठित जाट परिवार के युवा राजेश पटेल ने हजारों कार्यकर्ताओ के साथ भोपाल पहुँच कर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेसअध्यक्ष कमलनाथ के समक्ष कांग्रेस का हाथ थामा ।

भैरूंदा से 250 गाड़ियों के काफिले के साथ हजारों की तादात में सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलवीर सिहं तोमर, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भेरुन्दा देवीसिंह थारोल,प्रदेश प्रवक्ता आनन्द जाट एवं कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंच कर कमल को छोड़, कमलनाथ के साथ कांग्रेस में आ गए रेहटी नगर के मालीबाया चौराहे पर कांग्रेस के झंडे लगे कारों के काफिले के साथ राजेश पटेल ने अपने साथियों के साथ जैसे ही पहुंचे तो वहां पर प्रदेश किसान कांग्रेस महामंत्री विक्रम मस्ताल द्वारा राजेश पटेल के साथ पुष्माला से सभी साथियों का पुष्पमाला से गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। वही प्रदेश किसान कांग्रेंस महामंत्री विक्रम मस्ताल भी राजेश पटेल के साथ थे।

# जन आक्रोश यात्रा की तैयाारियों को लेकर युकां की बैठक आयोजित



**सिरोंज, देशबन्धु।** जन आक्रोश यात्रा की तैयाारियों को लेकर आज युकां की एक बैठक आयोजित की गई। शालीमार गार्डन में आयोजित इस बैठक के शुभारंभ पर युवा कांग्रेस के प्रदेश सहप्रभारी मान सिंह राठौर ने युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र बघेल के प्रयास से कांग्रेस में शामिल हुए आप नेता एडवोकेट परमसुख सेन को हारफूल मालाओं को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई। उसके साथ ही प्रदेश सहप्रभारी श्री राठौर, जिला प्रभारी शर्मा, जिलाध्यक्ष भारद्वाज ने गत दिनों सीएम को काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन करने वाले युवा कार्यकताओं का हारफूल मालाएं पहनाकर सम्मान किया गया।

मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश युवा कांग्रेस के सहप्रभारी मानसिंह राठौर, जिला प्रभारी लोकेन्द्र शर्मा एवं उत्तराखंड के युवा कांग्रेस पदाधिकारी अर्नव, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष वैभव भारद्वाज की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अतीक मंसूरी, ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र बघेल, प्रदेश सचिव सैफू गौरी, नगराध्यक्ष शरद सहेले, अभिषेक यादव, मुरवास ब्लॉक अध्यक्ष फैजान मंसूरी आदि पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने स्वागत किया गया। बैठक का संचालन अतीक मंसूरी ने किया । साथ ही नवनियुक्त अध्यक्ष शरद सहेले, अभिषेक यादव, मोहित यादव आदि का सहप्रभारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने पुष्पहारों से किया।

# बिजली विभाग में ठेकेदारों की चल रही मनमानी, आमजन हो रहे परेशान



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** भैरूंदा नगर प्रज्जवल बुधनी के तहत जो बिजली के खंभे लगाऐ जा रहे हैं। पुराने खम्बो को हटाया जा रहा है। उसी के तहत यह कार्य जनवरी 2023 में ठेका होकर नीलाम हो गया था। जो की 6 माह बाद काम चालू हुआ। जिसमें लगभग दो माह से कार्य रेगुलर चल रहा है। जिसमें लगभग 5 दिन हो गए हैं । जो बिजली के खम्बे हटाऐ गए थे। वही कुछ अधूरे शेष हिस्से छोड़ दिए गए हैं। जिससे रोजाना दुर्घटनाएं हो रही है। और लोगों के वाहन रोजाना टकरा रहे है। वहीं कुछ जगह तो बिजली के जो पोल हटाए गए थे। वह तो उठा लिए लेकिन कुछ जगह आज भी वहीं पड़े हुए हैं । देखने की बात यह है कि नगर में कोई ध्यान देने वाला नहीं है । यह सब देखकर ऐसा प्रतीत होता हे। की नगर भेरूंदा में रामराज आ गया है। वही इस पोल शिफ्टिंग में जो मजदूर काम रहे हैं। उनके भी कोई सुरक्षा के इंतजाम नहीं है ।बिना सुरक्षा के खंबो पर चढ़कर कार्य कर रहे हैं । कुल मिलाकर कोई भी सुरक्षा नहीं है। बिना सुरक्षा के अपनी जान जोखिम में डालकर यह मजदूर कार्य कर रहे हैं।

### इनका कहना है

*ठेकेदार को बोल दिया गया है। उन्होंने कहा है कि हम जल्दी जहां-जहां खंबे पड़े हैं ।उन्हें उठा लेंगे और जहां जो खंबे काटे गए थे। वहां कुछ अवशेष रह गए हैं। उसको भी जड़ से काट देंगे वह सब क्लियर हो जाएगा*

***विजय कुमार धुर्वे***
***जे. ई. , म.प्र.वि.म.भेरुन्दा***

# कुश्ती में जीते पदक



**सिरोंज, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन शालेय शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 67वीं राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में नगर के 6 बालक एवं बालिकाओं ने भोपाल संभाग की ओर से सहभागिता की जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरोंज की छात्रा सोनिका अहिरवार ने 46 किलोग्राम वजन वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया, मुस्कान पाल ने 40 किलोग्राम में कांस्य पदक एवं प्रज्ञा कॉन्वेंट हाई स्कूल सिरोंज की छात्रा अमृता भारती ने 36 किलोग्राम में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोंज में पदक विजेता छात्राओं का सम्मान किया गया शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरोंज के प्राचार्य उमेश कुमार सोनी सी.एम. राइज विद्यालय के व्यायाम निर्देश शान मियां शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्यायाम निर्देश जमशेद खान श्रीमती सोनू श्रीवास्तव अशोक जैन प्रमोद जैन विकासखंड समन्वयक केशव शर्मा कुश्ती कोच राहुल नामदेव काजल सोनी दीक्षा शर्मा उपस्थित रहे।

# खिलाड़ी का चयन नेशनल कोचिंग कैम्प के लिए हुआ

**भारत स्काउट गाइड कमिश्नर ने किया खिलाड़ी बच्चों का सम्मान**



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** नगर भैरूंदा से आयुषी यादव , ऋषभ हरियाले का चयन हुआ इन्हे दिल्ली के लिए भारत स्काउट गाइड कमिश्नर राजेश लखेरा ,खेल शिक्षक सुनील पंवार ने स्पोर्ट्स के बच्चो के साथ पुष्पहार से स्वागत कर रवाना किया । दिल्ली में होने वाले नेशनल कैम्प जिसमे पूरे भारत से लगभग 40 से 50 बच्चों का चयन किया गया 15 दिन कोचिंग के बाद भारतीय टीम की घोषणा की जाएगी ।जो कि आने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम भारतीय टीम की घोषणा के बाद टीम इंडिया विदेश दौरे के लिए रवाना होगी। इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड कमिश्नर राजेश लखेरा ने कहा की बड़े ही गर्व की बात है कि नगर भेरुन्दा से पहली बार दो खिलाड़ियों का चयन ऐसे कैम्प के लिए हुए जो आज तक नही हुआ ।बच्चों की एवं इनके शिक्षको की मेहनत का फल है ।जो उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। भारतीय खो खो फेडरेशन के संयुक्त सचिव एवं मध्यप्रदेश खो खो संघ के सचिव संजय यादव ने जानकारी दी की इसमें आयुषी यादव इस साल हुए खेलो इंडिया में मध्यप्रदेश की टीम का हिस्सा रही । वही ऋषभ हरियाले ने जूनियर वर्ग में 2022 में नेशनल में मध्यप्रदेश की टीम में अपनी जगह बनाई थी ।

इस अवसर पर खो खो कल्याण संघ के समस्त पदाधिकारी खो-खो फेडरेशन के संयुक्त सचिव एवं मध्यप्रदेश खो-खो संघ के सचिव संजय यादव ,विनोद पोद्दार मध्यप्रदेश खो खो संघ के कोषाध्यक्ष, सुनील पंवार मध्यप्रदेश खो खो संघ के उपाध्यक्ष, खो खो कल्याण संघ भेरुन्दा के अध्यक्ष महेंद्र परिहार, स्काउट गाइड कमिश्नर राजेश लखेरा ,कोषाध्यक्ष प्रबल अग्रवाल, सह सचिव नीलमणि सिंह सेंगर, उपाध्यक्ष सचिन त्रिवेदी, सदस्य रघुवीर पंवार , सदस्य रवीन्द्र यादव , सतीश परिहार , मनोहर पंवार, योगेश पंवार, अमित परिहार, सतीश चंद्र वर्मा , संतोष पटेल, श्रीमती सुजाता कुशवाहा, पवन , डॉ व्यास , संजय ,अंकिता, स्वतंत्र, राहुल, दिव्यांश , विजेंद्र, मनीष, राजा, स्वाति, द्वारा बधाइयां दी। एवं समस्त नगरवासियों एवं क्षेत्र वासियों ने शुभकामना देते हुए ये कामना हे की दोनों खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हो जाये।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर ग्राम मासोद में ग्राम भ्रमण पर निकले भगवान भोलेनाथ

**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन विकासखंड क्षेत्र



अंतर्गत आने वाले ग्राम मसोद में उज्जैन महाकाल की तर्ज पर भगवान भोलेनाथ ग्राम भ्रमण के लिए पालकी में सवार होकर निकले। मसोद निवासी प्रवीण जायसवाल ने बताया कि ऋषि पंचमी के पावन अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर में विराजित महाकाल, पार्थिव शिवलिंग के रूप में पालकी में सवार होकर शोभायात्रा में ग्राम भ्रमण के लिए निकले। प्रतिवर्ष ऋषिपंचमी के अवसर पर भगवान भोलेनाथ ग्राम भ्रमण के लिए निकलते हैं। शोभायात्रा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्राचीन शिव मंदिर में विराजित शिवलिंग को पालकी में रखकर शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भोलेनाथ के गण, नंदी आदि के वैश में ग्रामीण शामिल हुए। मंदिर से शुरू हुई यात्रा ग्राम के चौक चौराही और मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में समस्त ग्रामीणों ने भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया और मंदिर में पहुंचकर महा आरती के साथ शोभायात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर शिव मंदिर समिति के लोकेश झरबड़े, राम पाठक, महादेव माकोड़े, संजय पाठक, चेतन, रवि देशमुख, कृष्णा राठौर, उमेश ठाकरे, भोला साहू सहित मातृशक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### ताप्ती सरोवर में सुसाइड करने कुदा युवक, गोताखोरों ने बचाई जान

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के पवित्र ताप्ती सरोवर में बुधवार दोपहर अचानक एक युवक शराब के नशे में सुसाइड करने कूद पड़ा। जिसे सरोवर पर तैनात गोताखोरो ने देख लिया। तत्काल उसके पास पहुंचकर उसे नाव के सहारे बाहर निकल गया और उसकी जान बचा ली गई। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया गया कि जब उसे गोताखोर बचा रहे थे, तब वह चिल्ला रहा था, कि वह आत्महत्या करने आया है और उसे बाहर न निकले। जैसे तैसे गोताखोर निकेश कुरवडे और सचिन चड़ोकार में उसे नाव के सहारे बाहर निकाला। वह युवक ग्राम जम्बाड़ा निवासी बताया जा रहा है, जो की अत्यधिक शराब के नशे में था। गोताखोरों ने बताया कि उन्हें सरोवर में एक युवक छलांग लगाते हुए दिखाई दिया, जैसे ही उन्हें इस बात का एहसास हुआ कि वह आत्महत्या करने सरोवर में कूदा है, वह तत्काल उसके पास पहुंचे और उन्होंने उसे सरोवर से सुरक्षित बाहर निकाल कर पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री पचौरी ने कहा-

## गुमराह करने और डराने की राजनीति से सावधान रहें



**बैतूल, देशबन्धु।** 18 सालों से प्रदेश की बदहाली और बर्बादी का जनता में शिवराज राज के खिलाफ जो असंतोष था, वह अब जन आक्रोश में तब्दील हो गया है। प्रदेश में चारों तरफ भयंकर अराजकता, अपराध, भय, भ्रष्टाचार और लूट की खुली छूट है। आदिवासी, किसान, दलित, बेटियां, बच्चे, पिछड़े, नौजवान सबकी जबान पर बस एक ही बात है, 'शिवराज हटाओ प्रदेश बचाओ।'

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और यात्रा के प्रभारी पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। यात्रा प्रभारी पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने बताया कि ये 7 यात्राएं प्रदेशभर में करीब 15 दिन में 11 हजार 4 सौ किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इस दौरान यात्राएं प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में जाएंगी। इसका नेतृत्व अलग अलग स्थानों पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता करेंगे। इस यात्रा का लक्ष्य है कि प्रदेश की जनता को गुमराह करने और डराने की राजनीति से जनता को सावधान किया जाएगा।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन ने कहा आज प्रदेश के कोने-कोने से कानों में जन आक्रोश का स्वर सुनाई दे रहा है। बस जनता की इसी आवाज़ को सुनकर हम जन आक्रोश यात्रा का आगाज़ कर रहे हैं। जहां शिवराज राज के खिलाफ जनता में नाराजगी है तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के प्रति जनता में जोश दिखाई दे रहा है। वहीं प्रदेश महासचिव व जिला संगठन प्रभारी चन्द्रिका प्रसाद द्विवेदी ने आयुष्मान योजना में मुर्दों के इलाज़ के नाम पर घोटाले का आरोप लगाया, क्योंकि जनता में आक्रोश इसलिए भी है कि भ्रष्टाचार के पाप में आकंठ तक डूबी इस सत्ता ने भगवान महाकाल को भी नहीं छोड़ा। जो भगवान को नहीं छोड़ते, वो अन्नदाता किसान, दलित, आदिवासी व नौजवान को क्या छोड़ेंगे। इसी प्रकार यात्रा सह प्रभारी पूर्व केबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे ने कहा कदम दर कदम यात्रा बढ़ती जाएगी, भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा आज प्रदेश की जनता में कांग्रेस व कमलनाथ के लिए जोश है, क्योंकि 27 लाख किसानों का कर्ज माफ़ किया। 87 प्रतिशत लोगों का बिजली का बिल सौ रुपये से कम कर दिया। माफ़ियाओं पर वार किया, मिलावटखोरों पर प्रहार किया और अब वचन दे रहे हैं कि 5 सौ रुपये में गैस का सिलेंडर देंगे। सौ यूनिट तक बिजली बिल माफ़ कर देंगे, 2 सौ यूनिट तक हाफ़ कर देंगे। बेटियों को डेढ़ हजार रुपये प्रति माह का इंसाफ देंगे। किसानों को 5 हॉर्स पॉवर तक मोटर की बिजली मुफ़्त कर देंगे। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का उपहार देंगे। पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देंगे। प्रदेश को जातिगत जनगणना का न्याय देंगे, किसानों का कर्ज माफ़ कर देंगे।

जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल हुए चिकित्सा शिक्षा मंत्री सारंग, बोले

## प्रदेश की जनता का विश्वास भाजपा के साथ




**बैतूल, देशबन्धु।** कैलाश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा सरकार की अंत्योदय और गरीब कल्याण पर आधरित जनकल्याणकरी व जनहितैषी योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि प्रदेश की जनता का विश्वास भाजपा के साथ है। यह बात चिकित्सा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने जन आशीर्वाद यात्रा के बाद आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने देश-प्रदेश व आमला विधानसभा में हुए विकास कार्यों एवं उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता का चरित्र और कार्य शैली इस प्रकार की है कि चाहे वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हों या भाजपा का बूथ अध्यक्ष हो सभी का सदैव एक ही लक्ष रहता है जनता का कल्याण और जिसके लिए सदैव समर्पित रहता है।यात्रा के दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री ओपीएस भदौरिया वरिष्ठ भाजपा नेता बंसीलाल गुर्जर आमला सारणी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे भाजपा नेता हेमन्त खंडेलवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला और यात्रा के संभागीय टोली सदस्य यात्रा प्रभारी डॉ. तेजप्रताप यात्रा विजय अग्रवाल, केंद्रीय टोली सदस्य अलकेश आर्य के नेतृत्व में यात्रा के आमला पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। यात्रा आमला में आमला विधानसभा में प्रवेश के साथ ससुंद्रा में रथ सभा के बाद, 3 सैकड़ा से अधिक दोपहिया और चौपहिया वाहनों के काफिले के साथ विभिन्न ग्रामों एवं मुख्य मार्केट होते हुए सभा स्थल पहुंचे थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा कि भाजपा राष्ट्रप्रेम एवं कल्याण के लिए कार्य करती है वहीं कांग्रेस सिर्फ सत्ता के लिए कार्य करती है। आज जन आशीर्वाद यात्रा में युवाओं की बड़ी संख्या रही। वहीं सभा को किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंसीलाल गुर्जर ने संबोधित किया और कहा कि भाजपा की कल्याणकारी नीति से प्रदेश व देश में सर्वहितैषी भाजपा की सरकार बनेगी। आमला सारणी विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे ने कहा की भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सौ सौ पर भारी है। कार्यकर्ताओं के समर्पण व परिश्रम और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के विशेष स्नेह से आमला सारणी विधानसभा में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों के बल पर मैं पूरे विश्वास से कहता हूं कि पिछली बार से अधिक मतों से भाजपा विजय श्री प्राप्त करेंगी।

इस अवसर पर यात्रा सहप्रभारी विजय अठावल, अलकेश आर्य, सचिन, अनिल सिंह कुशवाह, पीजे शर्मा, सुधाकर पवार , कमलेश सिंह नरेंद्र गढेकर शंकर चढ़ोकार रंजीत सिंह किशोर बारदे , गणेश यादव जगदीश पवार रामकिशोर देशमुख नागेंद्र निगम सुधा चंद्रा आबिजर हुसैन यदुराज सिंह मोहन मोरे हरी यादव जिया लाल पटवारी ओम प्रकाश मालवीय चिरोंजी पटेल ,भारत यादव किशन सिंह रघुवंशी अशोक नागले महेश मासकोले भगवंत सिंह रघुवंशी नंदकिशोर सूर्यवंशी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## उचित मूल्य की दुकान पर मिलावटी सिंथेटिक चावल की चर्चा



**सारनी, देशबन्धु।** शासकीय उचित मूल्य की दुकान में जो शासन के माध्यम से चावल वितरण करने का कार्य किया जा रहा है उसमें प्लास्टिक के चावल पेए जा रहे हैं। यह आरोप लगाने का कार्य नगर पालिका परिषद सारनी के तिलक वार्ड में निवास करने वाले संतोष बाईन ने लगाते हुए कहा कि पिछले तीन माह से उचित मूल्य की दुकान से चावल खाने के बाद उनके परिवार में बच्चों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है पेट दर्द और बुखार आने की वजह से 3 माह में उन्होंने अपने बच्चों के उपचार के पर 20 हजार से अधिक का खर्च कर चुके हैं। सारनी के उचित मूल्य की दुकान पर प्लास्टिक युक्त चावल मिलाने की जानकारी लगने पर डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड क्रमांक 4 के कांग्रेस पार्षद किरण झारबड़े व कांग्रेस के श्रम विभाग के जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पाटिल, वार्ड क्रमांक 12 तिरुपति बालाजी वार्ड के पार्षद पति पंचू खान सहित शासकीय उचित मूल की दुकान पर पहुंचकर चावल के बोरे को पलट कर इसमें से चुनिंदा चावल निकालने का कार्य किया गया जो प्लास्टिक के चावल की तरह दिख रहा था हालांकि शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर जितने भी लोग गए हुए थे उनमें से कोई भी लोग खाद्य विभाग से संबंधित तकनीकी ज्ञान में माहिर नहीं थे। इस अवसर पर कांग्रेस के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिसमें गोविंदा एरोलू,तरुण पाल,प्रवीण पाल,नितिन राजपूत,बाबा खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

चावल शुद्ध प्लास्टिक के चावल की अफवाह

– जिला खाद आपूर्ति विभाग के अधिकारी के माध्यम से स्पष्ट रूप से बताया गया कि उचित मूल्य की दुकान पर जो चावल हितग्राहियों को वितरण करने का कार्य किया जा रहा है वह शत- प्रतिशत शुद्ध और सही है इसमें प्लास्टिक के दाने के चावल नहीं है उन्होंने बताया कि 100 किलो चावल में 1 किलो चावल 45 नंबर का मिलाया जा रहा है जिसमें कैल्शियम आयरन विटामिन मिलकर इसे बनाने का कार्य किया जाता है इसके सेवन करने से किसी भी तरह का स्वास्थ्य पर विपरीत असर नहीं पड़ता है शासकीय उचित मूल्य के कर्मचारी भी चावल के दाने में प्लास्टिक के दाने मिलने की बात को पूरी तरह अफवाह बता रहे हैं।

### इनका कहना है

शासकीय उचित मूल्य की जो दुकान है उन दुकानों में जो चावल आ रहा है उसमें 45 नंबर का चावल 100 किलो में 1 किलो मिलाया जाता है उसको लेकर हितग्राहियों में अफवाह का माहौल है लेकिन उचित मूल्य की दुकान में प्लास्टिक के चावल की बात पूरी अफवाह है।

**कृष्ण कुमार टेकम जिला खाद्य अधिकारी बैतूल**

सौ किलो चावल में एक किलो 45 नंबर का राइस मिलने का कार्य किया जाता है इस राइस में प्रोटीन विटामिन कैल्शियम सब मिला होता है इस वजह से यह थोड़ा सा व्हीक जैसा रहता है इसको लेकर उपभोक्ताओं में अफवाह का बाजार गर्म है कि उचित मूल्य की दुकान में आने वाले चावल में प्लास्टिक का चावल मिला हुआ है यह पूरी अफवाह है और कुछ नहीं।

**जीएल लुधियाना, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति अधिकारी बैतूल**

## सार समाचार

### रोजगार मेले में 188 युवाओं को मिला रोजगार

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** बुधवार को जिला रोजगार कार्यालय द्वारा रोजगार मेले का आयोजन शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में किया गया। जिसमें निजि क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने वाली कंपनियां वर्धमान बुदनी, नाहर मंडीदीप, आईआईऐएचएम, वर्कतुण्ड, नवकिसान बायोटेक, एलआईसी, ट्र्इलॅजिक, एमआईसी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, श्री राम माइक्रोफाइनेंस कंपनी, वैलस्पन, जिज्ञासा ररबन, केप्सटन सर्विस लिमिटेड, एनआईआईटी, स्टार हैल्थ इंश्योरेंस, पुखराज, बजाज ऐलाऐंस, द्वारा मशीन ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर, टेलि कॉलिंग, कंप्यूटर ऑपरेटर, सिक्योर्टी गार्ड आदि पदों पर भर्तीया की। जिनके लिए 270 छात्र और छात्राएं उपस्थित हुये जिसमें 188 का प्राथमिक स्तर पर चयन हुआ। जिला रोजगार अधिकारी एमएस मरकाम, जिला व्यापार उद्योग अधिकारी कैलाश माल एवं धर्मेश तिवारी ने मेले के आयोजन में अहम भूमिका निभाई।

### जिला नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक आज

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारी के लिए कलेक्टर नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक कलेक्टर कार्यालय में दोपहर 1 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए की गई तैयारी के संबंध में आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

भाजपा पार्षदों ने कलेक्टर से की शिकायत

## सीवर लाइन प्रोजेक्ट का भुगतान होने के बाद भी ठेकेदार नही कर रहा काम



**मुलताई, देशबन्धु।** पवित्र ताप्ती सरोवर में नगर के तीन वार्डो का गंदा पानी ना जाए जिसके लिए नगरपालिका द्वारा करीब 6 करोड़ की लागत से सीवर लाइन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसका भुगतान तत्कालीन सीएमओ द्वारा नगरपालिका की संचित निधि से ठेकेदार को कर दिया गया था। भुगतान करने के बाद भी अभी तक ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ नही किया है।

संचित निधि से ठेकेदार को भुगतान करने के संबंध में नगरपालिका मुलताई के भाजपा पार्षदो ने मुलताईआए कलेक्टर अमनबीर सिंह बैस से करते हुए जांच की मांग की है। भाजपा पार्षद रितेश विश्वकर्मा ने कलेक्टर को बताया कि नपा की संचित निधि से ठेकेदार को एक करोड़ की अधिक राशि का भुगतान किया गया है।भुगतान के बाद से लेकर अभी तक ठेकेदार द्वारा कोई कार्य प्रारंभ नहीं किया गया एवं करोड़ो की योजना ठेकेदार की लापरवाही के कारण रुकी हुई है। संचित निधि के भुगतान पर उन्होंने अपनी आपत्ति जताते हुए कलेक्टर से कहा की स्वयं नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त भरत यादव ने पार्षदो को बताया था कि संचित निधि का उपयोग ठेकेदार को भुगतान में नहीं किया जा सकता। फिर अचानक एक करोड़ से अधिक का भुगतान कैसे किया गया। मुलताई नगरवासियों के टैक्स का पैसा जो की नगर के आपत्तिकाल के लिए संचित रहता है, इसका भुगतान करना नियमों का उल्लंघन है, जिसकी जांच होना चाहिए। इस पर कलेक्टर ने प्राथमिकता से जांच कराने का आश्वासन दिया है।

### खादी तथा ग्रामोद्योग एम्पोरियम का शुभारंभ कल

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** मप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जिले नर्मदापुरम में खादी तथा ग्रामोद्योग एम्पोरियम का शुभारंभ 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे से शॉप 21 एवं 22 आरसी मॉल कोठी बाज़ार कलेक्टर रोड नर्मदापुरम में किया जाएगा। खादी ग्रामोद्योग एम्पोरियम का उद्घाटन अध्यक्ष, मप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जितेन्द्र लिटोरिया करेंगे। प्रभारी प्रबंधक रीना मर्सकोले ने बताया कि खादी एम्पोरियम में खादी परिधान, सिल्क साड़ी आदि पर 20 प्रतिशत का विशेष डिस्काउंट एवं विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं द्वारा स्थापित ग्रामोद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद जैसे आचार, साबुन, कच्चीघनी का तेल शहद, हर्बल शैम्पू आदि की खरीदारी पर 20 प्रतिशत का आकर्षक डिस्काउंट दिया जाएगा।

## कोई भी बच्चा स्कूलों में दाखिले से वंचित न रहे: कलेक्टर

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, खेल एवं युवा कल्याण आदि विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में सबसे पहले कक्षा 1 में नामांकन की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन भी बच्चों की समग्र आईडी नहीं बनी हुई है, उनकी समग्र आईडी बनवाएं एवं जो बच्चे समग्र आईडी होते हुए भी कक्षा 1 में नामांकित नहीं हुए हैं। ऐसे बच्चों की मैपिंग कर उन्हें कक्षा 1 में दाखिला दिलवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि वे कक्षा 5 कक्षा एवं 6 से ऐसे बच्चों को चिन्हांकित करें जो की टीसी ले चुके हैं। यह देखे कि ऐसे बच्चे क्या अभी प्रदेश में ही किसी अन्य स्कूलों में दाखिला लेकर अध्यनरत है या प्रदेश के बाहर जा चुके हैं। कलेक्टर ने इस दौरान निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की समीक्षा करते हुए डीईओ नर्मदापुरम को निर्देश दिए हैं कि वह स्कूलों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण का डाटा शीघ्र फीड कराए एवं आवंटित पुस्तके और बाटी गई पुस्तको के अंतर में उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए स्कूलों में दीवार लेखन, स्लोगन आदि गतिविधि करवाई जाए। बैठक में निशुल्क गणवेश एवं साइकिल वितरण की भी विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है की जिन भी बच्चों को साइकिल वितरण नही हुई है, उन्हे साइकिल वितरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने प्रौढ़ शिक्षा की स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि वह सुनिश्चित करें कि निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, गणेश वितरण, साइकिल वितरण से कोई भी पात्र छात्र वंचित न रहे। कलेक्टर ने उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत यूजी एवं पीजी में प्रवेश की स्थिति एवं जिले के बनखेड़ी, डोलरिया और सिवनीमालवा महाविद्यालयों में विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की। बैठक खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत खेलो एमपी आयोजन की समीक्षा की गई। कलेक्टर सिंह ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्ति, आवास सहायता आदि की भी समिक्षा की।

## किसान मजदूर महासंघ ने फूंका कांग्रेस जिलाध्यक्ष का पुतला



**नर्मदापुरम देशबन्धु।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिल्ली किसान आंदोलन के संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक शिवकुमार शर्मा कक्काजी को लेकर कांग्रेस के नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल के विवादित बयान से बवाल मच गया है। जिसे लेकर बुधवार नर्मदापुरम जिले के माखननगर में कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल का पुतला जलाया गया। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ एवं संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में नर्मदापुरम जिले के कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष पटेल का पुतला दहन किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष पटेल द्वारा पूर्व में एक मीडिया को दिए बयान में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक शिव कुमार शर्मा काका जी के ऊपर आरोप लगाए थे। जिसे लेकर संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा माखननगर में बुधवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल का पुतला दहन किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**महिला आरक्षण बिल लोकसभा....** गांधी ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के बिना यह बिल अधूरा है, जबकि अमित शाह ने कहा कि यह आरक्षण सामान्य, एससी और एसटी में समान रूप से लागू होगा। चुनाव के बाद तुरंत ही जनगणना और डिलिमिटेशन होगा और महिलाएं की भागीदारी जल्द ही सदन में बढ़ेगी। विरोध करने से रिजर्वेशन जल्दी नहीं आएगा।

यह युग बदलने वाला.... सालों से लंबित पड़े बिल को पास किया गया। देश में एससी-एसटी के लिए जितनी सीटें आरक्षित हैं, उनमें से भी 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी। कुछ लोगों के लिए महिला सशक्तीकरण चुनाव जीतने का मुद्दा हो सकता है, लेकिन मेरी पार्टी और मेरे नेता मोदी के लिए यह मुद्दा राजनीति नहीं, बल्कि मान्यता का मुद्दा है। मोदी ने ही भाजपा में महिलाओं को पार्टी पदों पर 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाया।

**90 में से सिर्फ 3 सचिव....** जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी कीजिए। अगर आपने जारी नहीं किए तो हम जारी कर डालेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की महिलाओं को सत्ता हस्तांतरित करने की दिशा में सबसे बड़ा कदम था पंचायती राज, जहां उन्हें आरक्षण दिया गया और बड़े पैमाने पर राजनीतिक व्यवस्था में प्रवेश करने की अनुमति दी गई। राहुल ने संसद भवन के बारे में कहा कि यह एक अच्छी इमारत है। इसकी दीवारों पर सुंदर मोर बने हैं, लेकिन मैं इस भवन में भारत के राष्ट्रपति को भी देखना पसंद करूंगा। जब सांसदों को पुरानी संसद से नई संसद में ले जाया जा रहा था तो राष्ट्रपति को मौजूद होना चाहिए था।

**सरकार ने सतर्क रहने की....** कराना होगा। पंजीकरण से उच्चायोग और महावाणिज्य दूतावास किसी भी आपातकालीन या अप्रिय घटना की स्थिति में कनाडा में भारतीय नागरिकों के साथ बेहतर तरीके से जुड़ने में सक्षम होंगे।

**भाजपा को हर वर्ग दे....** शो ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के राजवाड़ा चौराहे से प्रवेश किया यहां से विधायक आकाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में बडी संख्या में कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर युवा कार्यकर्ता दो पहिया वाहन रैली के रूप में इस यात्रा में शामिल हुए। तपती धूप में भी इन कार्यकर्ताओं का उत्साह में कोई कमी नहीं आई। राजवाडा चौक पर रेगर समाज, रविदास समाज, पांचाल समाज, विश्वकर्मा समाज, खटीक समाज, कोष्टी समाज, जिला वक्फ कमेटी, महाराष्ट्र समाज, पथ विक्रेता संगठन, व अन्य समाज बंधुओ ने मंच लगाकर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। कई मंचों से केसरिया साड़ी और पगड़ी पहने हुए महिलाओं ने यात्रा का स्वागत किया।खण्डवा से प्रारंभ हुई जन आशीर्वाद यात्रा ने बुधवार को राऊ से होते हुए इंदौर शहर में प्रवेश किया। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान यात्रा प्रारंभ करने से पहले बंदे साहेब गुरूद्वारा दर्शन करने पहुंचे। जिसके पश्चात राउ शहर में राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और पार्टी नेताओं के साथ रोड शो में शामिल हुए। मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव के साथ यात्रा में पूरे समय जनता का आशीर्वाद लेते हुए चल रहे थे। राउ से यात्रा ने इंदौर जिले की विधानसभा क्रमांक 1 में प्रवेश किया। यहां पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता ने स्वागत कर आगवानी की।विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 में यात्रा पहुंचने पर स्थानीय नेताओं और बडी संख्या में नागरिकों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय का जोरदार स्वागत किया। तपती धूप में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, लाड़ली बहनें हाथों में पुष्पमालाएं लिए स्वागत के लिए खड़ी हुई थी। बोहरा व मुस्लिम समाज की महिलाओं ने भी यात्रा का स्वागत किया। यहां पर मार्ग के दोनों ओर हजारों की संख्या में महिलाएं हाथों में झंडा बैनर लिए खड़ी हुई थी। विभिन्न योजनाओं की हितग्राही बहनों ने पोस्टरो के माध्यम से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार माना। यात्रा के आगे आगे वाहनों का काफिला चल रहा।


जन आशीर्वाद यात्रा के रथ ने महू नाका चौराहे से विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 में प्रवेश किया। यहां विधायक श्रीमती मालिनी गौड ने यात्रा की अगवानी की। मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय महासचिव सहित सभी नेताओं का स्वागत किया। पार्टी नेताओं ने रथ से उतरकर महू नाका चौराहे पर स्थापित स्व. लक्ष्मण सिंह गौड़ की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। एकलव्य गौड़ मौजूद थे। जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान मंत्री तुलसी सिलावट, आईडीए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, युवा आयोग अध्यक्ष निशांत खरे, सावन सोनकर, वरिष्ठ नेता कृष्णमुरारी मोघे, बाबू सिंह रघुवंशी,नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू,विधायक महेंद्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, श्रीमती मालिनी गौड, आकाश विजयवर्गीय,वरिष्ठ नेता मधु वर्मा एवं पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**हम सरकार नहीं परिवार....** कांग्रेस की जन विरोधी नीति के बारे में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि करप्शन नाथ की सरकार ने मेरे द्वारा चलाई जा रही बहुत सी योजनाओं को बंद करके जनता का हक छीनने का कार्य किया था चाहे वह संबल योजना हो या फिर कन्या विवाह योजना साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उनका घमंडीया गठबंधन सनातन विरोधी है वे सनातन की तुलना डेंगू ,मलेरिया से करते हैं लेकिन वह नहीं जानते कि सनातन हमेशा से है और हमेशा रहेगा।

ekatma dham

a journey of oneness

॥सर्वं खल्विदं ब्रह्म॥



# आदि शंकराचार्य जी की 108 फीट की बहुधातु प्रतिमा

# एकात्मता की मूर्ति

## शङ्करावतरणम्

एकात्मता की मूर्ति का अनावरण

एवं अद्वैत लोक का शिलान्यास

## ब्रह्मोत्सव

ओंकार नाद, वैदिक मंत्रोच्चार एवं विभिन्न प्रदेशों की नृत्य शैलियों में समवेत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**शिवराज सिंह चौहान**

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश के कर-कमलों द्वारा

**21 सितंबर, 2023 | प्रातः 10:30 बजे**

मांधाता पर्वत, **ओंकारेश्वर, मध्यप्रदेश**



- आचार्य शंकर के जीवन पर आधारित संग्रहालय **'अद्वैत लोक'** एवं अद्वैत वेदान्त दर्शन के अध्ययन, शोध एवं विस्तार हेतु **'आचार्य शंकर अन्तर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदान्त संस्थान'** की स्थापना।
- संतों, मनीषियों द्वारा विशिष्टजनों का प्रबोधन।
- संगीतकारों द्वारा आचार्य शंकर के स्तोत्रों का गायन।

www.oneness.org.in

D-11111/23

**सीधा प्रसारण**

@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Ekatmadham

@Cmmadhyapradesh @jansampark.mp @Ekatmadham

DDMP

webcast.gov.in/mp/cmevents

@jansamparkMP @EkatmaDham

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।